

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 25 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 335 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल वीडियो सदेश, 1,250 को मिला नियुक्तिपत्र

नई दिल्ली। गोवा रोजगार मेला पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि आज गोवा सरकार ने अहम कदम उठाया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है की जहां जहां राज्यों में बीजेपी की सरकारें हैं, डबल इंजन की सरकारें हैं वहां राज्य सरकारें भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन कर रही हैं। गोवा सरकार के विभिन्न विभागों में अनेकों नौजवानों को आज सामूहिक नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी युवाओं और उनके माता–पिता को बहुत बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आने वाले कुछ महिनों में गोवा पुलिस समेत अन्य विभागों में कई भर्तियां होने वाली हैं। इससे गोवा पुलिस और मजबूत होगी और नागरिकों, पर्यटकों की सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सुविधा बढ़ने वाली है। पीएम





मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महिनों में अलग–अलग राज्यों में रोजगार मेलों का आयोजन हो रहा है। केंद्र सरकार भी इसके माध्यम से भारत सरकार में हर महिने हजारों युवाओं को नौकरी दे रही है। मुझे खुशी है कि जहां भाजपा, डबल इंजन की सरकारें हैं वहां राज्य सरकारें अपने स्तर पर ऐसे मेलों का आयोजन कर रही है। आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं, उनके सामने गोवा के विकास के साथ–साथ वर्ष 2047 का भी लक्ष्य है, आपको गोवा के विकास के लिए भी काम करना है और देश के विकास के लिए भी काम करना है। पीएम मोदी ने कहा कि गोवा में धान, नारियल और अन्य फसलों की खेती करने वालों को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ा जा रहा है और इस कदम से गोवा के किसानों को शक्ति मिल रही है। प्रदेश में रोजगार व स्व–रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। लगभग 3,000 करोड़ रुपये की लागत से, मोपा में हवाई अड्डे का उद्घाटन जल्द ही होने जा रहा है। इस हवाई अड्डे के निर्माण से गोवा में नौकरियां पैदा करने में मदद मिली है। इसी तरह, गोवा में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स गोवा के युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर रहे हैं।

## आजमगढ़ से हुआ अखिलेश का मोहभंग! इस सीट से 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए संकेत

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव फिलहाल मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को लेकर पूरी ताकत लगा रहे हैं। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद से यह सीट खाली हुई थी। अखिलेश यादव ने यहां से अपनी पत्नी



डिंपल यादव को चुनावी मैदान में उतारा है। फिलहाल अखिलेश यादव करहल सीट से विधायक हैं और उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। हालांकि, 2019 के चुनाव में अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से जीत हासिल की थी और लोकसभा के सदस्य बने थे। यूपी विधानसभा चुनाव के बाद उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बने थे। इसी के बाद आजमगढ़ में उपचुनाव हुआ और वहां भाजपा ने जीत हासिल की। भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को चुनावी मैदान में उतारा था। जबकि समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को वहां उतारा था। आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी का किला माना जाता है। लेकिन वहां से सपा को हार मिली। 2014 में मुलायम सिंह यादव वहां से सांसद बने थे। ऐसे में इस बात की उम्मीद की जा रही थी कि एक बार फिर से 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव आजमगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, अखिलेश यादव ने एक ऐसा बयान दिया है जिसके बाद से ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं उनका आजमगढ़ से मोहभंग हो चुका है। अखिलेश यादव से संवाददाताओं ने कहा कि डिंपल यादव को आप मैनपुरी क्यों ले गए? डिंपल तो कन्नौज के सांसद रह चुकी हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि 2024 में भी चुनाव है। रिपोर्टर ने पूछा कि क्या आप खुद आएंगे? जवाब में अखिलेश ने कहा कि क्या करेंगे खाली बैठकर। चुनाव तो लड़ना ही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जहां हम पहला चुनाव लड़े हैं, वहीं से चुनाव लड़ेंगे। इसका मतलब साफ है कि कहीं ना कहीं अखिलेश यादव 2024 में कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, बाद में खुद को संभालते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी तय करेगी कहां से चुनाव लड़ना है। आपको बता दें कि अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद रह चुके हैं।

## मैनपुरी उपचुनाव: केशव मौर्य का अखिलेश पर तंज, जो एक भी सभा नहीं करते थे, वह परिवार सहित घूम रहे हैं गली गली

लखनऊ। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए अखिलेश यादव ने अपनी ताकत झोंक दी है। अखिलेश यादव के लिए मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल है। यह सीट मुलायम सिंह यादव के निधन पर खाली हुआ है। इस सीट पर अखिलेश यादव ने अपनी पत्नी डिंपल यादव को उतारा है। दूसरी ओर भाजपा ने भी इस सीट पर एक मजबूत उम्मीदवार उतारा है। भाजपा का दावा है कि मैनपुरी में इस बार भगवा पार्टी को जीत मिलेगी। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि जो लोकसभा उपचुनाव के लिए प्रचार में कहीं जाते नहीं थे, वह परिवार के साथ गली–गली घूम रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप पूरा सैफई परिवार एकजुट हो गया है। कुछ भी कर लें, इस बार तो कमल खिलना तय है। केशव मौर्य ने यह भी कहा कि मैनपुरी में सबसे ज्यादा इनकी गुंडई देखी





गई है। यही कारण है कि लोग इस बार कमल खिलाने के पक्ष में हैं। साइकिल को वोट देने का मतलब दंगे हैं। इसलिए अब यूपी की जनता जागरूक हो गई है। इसके साथ ही केशव मौर्य ने कई ट्वीट किए। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मैनपुरी में भाजपा की ऐसी हवा चली,कि लोकसभा उपचुनावों में नहीं जाते थे एक भी सभा करने, वह घूम रहे हैं परिवार सहित गली गली! उन्होंने लिखा कि सपा को गलतफहमी,यूपी में कोई उनका गढ़ है, भूल गए अब हर जगह कमल के फूल की पकड़ है।

गुंडों, अपराधियों, दंगाइयों से मुक्ति का अवसर है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा,कार्यकर्ताओं का सम्मान, गरीबों की खुशी, प्रदेश का विकास मेरी प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक राज्य में उपचुनाव पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और कानून व्यवस्था को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। बीजेपी ही जीतेगी। इससे पहले भाजपा के विधान परिषद के सदस्य और मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के प्रभारी अश्वनी त्यागी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार पर तंज कसते हुए दावा किया कि हार के डर से पूरे 'सैफई परिवार' को मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देनी पड़ रही है।

## जंगली जानवर का आतंक, तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत

बलरामपुर जिले में सोहेलवा वन्य क्षेत्र के मजगवा गांव में बुधवार शाम को तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर शाम को मजगवा गांव में प्रहलाद का



10 वर्षीय बेटा संदीप घर के बाहर लघु शंका के लिए निकला था, तभी एक पेड़ के पीछे बैठे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया और उसे उठा कर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। सूत्रों के अनुसार बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बाहर निकली उसकी नानी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने भी शोर किया, तब तेंदुआ बच्चे को छोड़ कर भाग गया। सूत्रों के मुताबिक इस घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच कराई जा रही है तथा तेंदुए को पकड़कर चिड़ियाघर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उनके मुताबिक तेंदुए के हमले को देखते हुए जंगल से सटे गांवों में वन विभाग, पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीमों द्वारा ग्राम प्रधानों और ब्लाक प्रमुखों के सहयोग से जन जागरण अभियान चलाने के भी निर्देश दिए जा रहे हैं।

## गुजरात में केजरीवाल की उम्मीदों को मिलेगी उड़ान! आप ने विधानसभा चुनाव में झोंक दी है पूरी ताकत

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने चरम पर है। गुजरात में दो चरणों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। पहला चरण 1 दिसंबर को होगा जबकि दूसरा चरण 5 दिसंबर को होगा। गुजरात में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहा है। लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री से चुनाव को दिलचस्प माना जा रहा है। कुछ राजनीतिक विश्लेषक इस बार के चुनाव को त्रिकोणीय बता रहे हैं। हालांकि, पिछले 27 सालों से सत्ता में बरकरार भाजपा लगातार दावा कर रही है इस बार भी कांग्रेस ही उसकी प्रतिद्वंदी है। दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दावा कर रहे हैं कि गुजरात में बदलाव की आंधी है। इस बार सिर्फ और सिर्फ परिवर्तन होगा। आंदोलन से निकली पार्टी आम आदमी पार्टी पंजाब में इस साल मिली विधानसभा जीत के बाद उत्साहित





है। यही कारण है कि उसने कई और राज्यों में भी चुनाव लड़ने की घोषणा की। इसी कड़ी में गुजरात में भी आम आदमी पार्टी इस बार अपनी पूरी चुनावी ताकत लगा रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार गुजरात का दौरा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, मनीष सिसोदिया, राघव चड्ढा, संजय सिंह गुजरात में पार्टी के पक्ष में प्रचार करते दिखाई दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में भी हिस्सा लिया था। लेकिन कुछ खास सफलता नहीं मिली। लेकिन 2021 के नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को सूरत में जिस तरीके से सफलता मिली, उससे उसमें उत्साह बढ़ गया। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी ने गुजरात में पूरी ताकत और क्षमता के साथ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। 2021 के सूरत नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 27 सीटें जीती थी और 28.47: वोट हासिल किए थे। गांधीनगर की भी एक सीट पर उसे सफलता मिली थी। गांधीनगर में आपका वोट प्रतिशत 21.77 है। गुजरात में आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली मॉडल का दावा किया जा रहा है। खुद अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में मुफ्त शिक्षा, मुफ्त में स्वास्थ्य, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये, 15 लाख रोजगार देने की घोषणा और 3000 बेरोजगारी भत्ता देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने किसानों आदिवासियों और गांवों के लिए भी कई घोषणाएं की है।

## राज्यपाल कोश्यारी के बयान पर बोले शरद पवार, उन्होंने सारी हदें पार कर दीं, राष्ट्रपति और पीएम को करना चाहिए हस्तक्षेप



मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल, छत्रपति शिवाजी को लेकर उनके द्वारा जो बयान दिया गया था उसके बाद से महाराष्ट्र के विपक्षी दल लगातार उन पर हमलावर है। इतना ही नहीं, विपक्ष भाजपा पर भी निशाना साध रहा है तथा उन को हटाए जाने की मांग कर रहा है। इन सब के बीच वरिष्ठ नेता और एनसीपी प्रमुख शरद पवार का भी बयान सामने आ गया है। अपने बयान में शरद पवार ने साफ तौर पर कहा है कि राज्यपाल ने सारी हदें पार कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। एनसीपी प्रमुख ने यह भी कहा कि गैर जिम्मेदाराना बयान देने वालों को बड़े पद देना ठीक नहीं है। इससे पहले भाजपा सांसद छत्रपति उदयनराजे भोसले ने कोश्यारी के बयान पर कहा कि राज्यपाल को दिल्ली तलब किया गया है। मुझे लगता है कि वे उनकी जगह लेंगे और उन्हें उनकी जगह लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह बड़े पैमाने पर लोगों के बीच वैमनस्य पैदा कर रहा है। यह तब तक नहीं रुकने वाला जब तक कोई समाधान प्रदान नहीं किया जाता। इससे पहले अजित पवार ने दावा किया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें बताया कि वह अपने पद को छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार जब मैं राज्यपाल कोश्यारी से मिलने राज भवन जाता था तो वह कई दफा कहते थे कि वह राज्य को छोड़ना चाहते हैं। मैंने उनसे यह बात अपने वरिष्ठों को बताने के लिए भी कहा था ताकि वे उनकी इच्छा पर गौर कर सकें। बवाल बढ़ने पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि जब तक सूरज और चंद्रमा का अस्तित्व रहेगा, महान योद्धा शिवाजी राज्य और देश के नायक और आदर्श बने रहेंगे। कोश्यारी ने औरंगाबाद में शनिवार को महाराष्ट्र में 'आदर्श लोगों' की बात करते हुए बी आर आंबेडकर और नितिन गडकरी का जिक्र किया और कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ''पुराने जमाने'' के आदर्श थे।







## एक बुजुर्ग महिला का राहुल को सुझाव, किसानों का कर्ज माफी की घोषणा करते हैं तो कांग्रेस की बनेगी सरकार

भोपाल। केंद्र और मध्य प्रदेश, दोनों ही जगहों पर सत्ता से दूर कांग्रेस भले ही दावा कर रही हो कि राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' का चुनावी राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित सूबे के कई मतदाता इसे चुनाव से जोड़कर भी देख रहे हैं। 'भारत जोड़ो यात्रा' बृहस्पतिवार सुबह जब मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के रुस्तमपुर गांव से गुजरी, तब किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली एक बुजुर्ग महिला ने राहुल को सुझाव दिया कि अगर वह चाहते हैं कि राज्य में सालभर बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार बने



तो उन्हें किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर देनी चाहिए। अनीता महाजन (63) ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, "मैंने राहुल गांधी से कहा कि अगर वह किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा करते हैं तो राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बिल्कुल बनेगी।" महाजन ने राहुल को रासायनिक खाद और रसोई गैस के दाम घटवाने के साथ विधवाओं की सरकारी पेंशन बढ़वाने के प्रयास करने का सुझाव भी दिया। गौरतलब है कि 2018 में मध्य प्रदेश में हुए पिछले विधानसभा चुनावों से पहले, राहुल ने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर 10 दिन के भीतर किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी। इस घोषणा का किसान मतदाताओं के बीच खासा असर देखा गया था और कांग्रेस 15 साल के लंबे अंतराल के बाद सूबे की सत्ता में लौटी थी।

# किसान खाद बीज के लिये परेशान,प्रशासन अवैध स्टैण्ड से पैसे वसूलने मे मस्तः पूर्व विधायक लालजी यादव





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले में खाद बीज संकट को लेकर एवं बंद धान क्रय केन्द्रों समेत कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर बैरियर लगा कर स्टैण्ड के नाम पर जनता से अवैध वसूली के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव के अगुवाई में सपाई कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर भाजपा सरकार के खिलाफ पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्यपाल के नाम संबोधित 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव को ज्ञापन भी सौंपा। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात रही है। जब किसानों को खाद बीज की जरूरत है। समितियों पर खाद का संकट खड़ा करके व्यापारियों से अधिक दाम पर बेचवाने का काम कर रही है। यादव ने कहा कि धान क्रय केन्द्र सिर्फ कागजों में हैं। जिसका फायदा साहूकार किसानों के धान को औन–पौनै दामों पर खरीद रहे हैं। निवर्तमान जिला महासचिव ने कहा कि बाढ़ के दौरान क्षति हुए फसलों का मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिल पाया। जिसके कारण उनके समक्ष भुखमरी की नौबत खड़ी हो गयी है। ऐसे गेहूं की बुवाई पर संकट खड़ा हो गया है। इस दौरान निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, नपा अध्यक्ष बांसी मोहम्मद इद्रीश उर्फ पटवारी राइनी, चमन आरा राइनी, विजय यादव, राम सेवक लोधी, जावेद आलम उर्फ चुन्ने, विजय चौधरी, कलाम सिद्दीकी, रामू यादव, कृष्ण नाथ यादव, चंद्रजीत यादव, गोपाल प्रसाद, विश्वभर श्रीवास्तव, चंचल रावत, निजामुद्दीन, सुरेन्द्र मौर्य, रंगीलाल यादव, राम सागर चौधरी, घनश्याम जायसवाल, राकेश लोधी, अरुण लोधी, पिंटू गुप्ता, स्वरूप पांडेय, अंगद यादव, तिलक राम यादव आदि भारी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

## लोटन पुलिस ने किया अभियुक्त को गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व अखिलेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली न के नेतृत्व में आज दिनांक 24.11.2022 को जगन्नाथ मन्दिर मोड़ लोटन से एक नफर खाद–बीज भण्डार दुकान से चोरीध्बैक नकबजनी के अभियुक्त को समय करीब 06.10 बजे पकड़ लिया गया। जिसके कब्जे से चोरी की एक बोरी गेहूँ वजन 40 किग्रा बरामद हुई उक्त के सम्बंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136ध2022 धारा 379ध411 भा0द0वि0 का सफल अनावरण किया गया तथा अभियुक्त के पूछताछ से दिनांक 24.10.22 रात्रि 19.15 बजे लोटन में किये गये नकब लगाकर चोरी के प्रयास की घटना, जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 122ध22 धारा 457ध380ध511 आईपीसी पंजीकृत है, उपरोक्त अभियुक्त द्वारा किया गया था। उपरोक्त बैंक नकबजनी का भी सफल अनावरण किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक एवं विधिक कार्यवाही की जा रही है। एक बोरी चोरी का गेहूँ वजन 40 किग्रा है। गिरफ्तार अभियुक्त जोगिन्दर उर्फ योगेन्द्र पुत्र झगरु सा0 लोटन थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर जिसकी उम्र करीब 40 वर्ष है।



## पुलिस अधीक्षक ने किया ग्राम प्रहरी संग गोष्ठी का आयोजन

### वर्दी के किट (साफा, धोती, खाकी कमीज, जर्सी, बेल्ट, मुंडा जूता) का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ग्राम प्रहरी संग गोष्ठी का आयोजन किया गया साथ ही समस्त ग्राम प्रहरियों को वर्दी किट (साफा, धोती, खाकी कमीज, जर्सी, बेल्ट, मुंडा जूता) का वितरण किया गया।अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 24–11–2022 को पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में जनपद के समस्त थानों के ग्राम प्रहरी संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा समस्त ग्राम प्रहरी को उनके कर्तव्यों का बोध कराया गया साथ ही पुलिस एवं ग्राम प्रहरी के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर समाज में और बेहतर ढंग से काम कर सके जैसे विषयों पर चर्चा किया गया। आगामी ष्नगर निकाय चुनाव 2022 ष् के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया व व ग्राम की सूचनाओं को त्वरित सूचनार्थ के लिए उत्साहवर्धन किया गया।गोष्ठी के उपरान्त ग्राम प्रहरी को उनके वर्दी के किट (साफा, धोती, खाकी कमीज, जर्सी, बेल्ट, मुंडा जूता) का वितरण किया गया। वितरण के दौरान सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी लाइन तथा अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद थे।



## प्रशिक्षण लेकर बुलंदशहर से लौटे नवनियुक्त आर्किटेक्ट कंसल्टिंग इंजीनियर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पंचायत राज विभाग के 22 रजिस्टर्ड इम्पैनल्ड आर्किटेक्टध्कंसल्टिंग इंजीनिय गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण लेकर बुलंद शहर जिले से गुरुवार को लौट आए हैं। जहां पर सभी को पंचायत राज के कार्य को संपादित कराने के लिए निपुण बनाया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श पटेल ने बताया कि अब सभी नवनियुक्त इम्पैनल्ड आर्किटेक्टध्कंसल्टिंग इंजीनियर जोगिया विकास खंड के अभिषेक यादव व कन्हैया लाल, खुनियांव के श्रवण कुमार, खेसरहा के दीपक कुमार व हरिवंश कुमार चौधरी, इटवा अरशद जमाल, बढ़नी से अनिल कुमार, बांसी से सुमित्रानंदन मिश्रा व शिवम सिंह, बर्डपुर विकास खंड से सुधांशु पाठक व दिनेश यादव, मिठवल से सुनील कुमार व कुमारी प्रतिभा, भनवापुर से देवेंद्र कुमार, शोहरतगढ़ से कुमारी रेनू वर्मा, उसका बाजार से कुमारी सुषमा व कुमारी नैन्सी, डुमरियागंज विकास खंड अनुराग चौधरी, नौगढ़ विकास खंड के रहमत अली व चंद्रपाल राव तथा लोटने विकास खंड से शिवम अग्रहरि व सिद्धार्थ पटेल आदि अपने लिए चयनित विकास खंडों में योगदान देकर दायित्व का निर्वाहन करेंगे।

## डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए चल रहे कार्यक्रम की जांच

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। सी एच सी बसंतपुर मे डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए चल रहे कार्यक्रम की जांच निदेशक वेक्टर बॉर्न डिजीज डॉ ए के सिंह ने किया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी और ईपीडिमियोलोजिस्ट समीर सिंह आदि उपस्थित रहे। अधीक्षक डॉ राजीव कुमार रंजन ने डेंगू और मलेरिया से बचाव और ईलाज सम्बन्धित तैयारियों से अवगत कराया और साथ ही साथ लैब में होने वाली जांच सुविधाओं की भी जानकारी दीस अस्पताल पर हो रहे आशा क्लस्टर मीटिंग में आशाओं को मलेरिया की स्लाइड बनाने की भी जानकारी दिया गया। निदेशक डॉ ए के सिंह ने निर्देशित किया कि सभी आशाओं को बैच मे स्लाइड बनाने का प्रशिक्षण दिया जाए जिससे किसी भी बुखार के मरीजों की जानकारी के साथ उचित इलाज दिया जाय सइस दौरान प्रदीप जाटव,एक्स–रे टेक्नीशियन जितेंद्र तिवारी,मनोज मिश्रा,एल टी राम अवध उपाध्याय सहित क्षेत्र की सभी आशा मौजूद थीं।

## सुरक्षा की खुली पोलः दिन दहाड़े बाईक की डिक्की से एक लाख बीस हजार लेकर फरार

राजेश शर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। बृहस्पतिवार को दिन मे उचक्कों ने रोडवेज चौराहे के निकट पुलिस बूथ से सौ मीटर की दूरी पर खड़ी मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर एक लाख बीस हजार उड़ा ले गये।दिन मे पौने दो बजे विशुनपुर मुस्तहकम के टोला नावट गांव निवासी तिलक राम बांसी कस्बे मे स्थित सेंट्रल बैंक से रूपया निकालने के बाद अमर साईकिल के बगल मोटरसाइकिल खड़ी कर बगल मे चले गए इतने में बाईक का डिक्की तोड़ कर एक लाख बीस हजार रुपया लेकर चोर फरार हो गये ।जब वह लौटकर आये और डिक्की खुली देख भौचक रह गये। इसके बाद तिलक राम ने कोतवाली मे पहुंच कर पुलिस को घटना की जानकारी दिया।घटना की जानकारी होने पुलिस बैंक व आसपास के सीसी टीवी फुटेज को चेक कर रही है। इस सम्बंध मे कोतवाल वेद प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि मामला संज्ञान मे है मामले की जांच किया जा रहा है।



## पशुओं को होने वाली संक्रामक विषाणुजनित बीमारीःडॉ बलराम चौरसिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एफ एम डी, या, खुरपका मुहपका पशुओं को होने वाली संक्रामक विषाणुजनित बीमारी है। इस बात की जानकारी पशुचिकित्साधिकारी जोगिया डॉ बलराम चौरसिया ने हडकौली, अहणी में पशु टीकाकरण शिविर में दी। बताया कि इस रोग से ग्रसित पशु को तेज बुखार, मुंह व खुर के ऊपर छाले पड जाते हैं। पीडित पशु खाने पीने व चलने फिरने अक्षम हो जाता है। लक्षण मिलते ही पशु चिकित्सक की परामर्श से उपचार कराने से फायदा मिलता है। बचाव के लिए खुरपका मुहपका रोग निरोधक टीकाकरण कराना आवश्यक होता है। डॉ चौरसिया ने बताया कि एफ एम डी से बचाव का टीकाकरण कराया जा रहा है। जोगिया क्षेत्र के जोगिया, लखनापार, हरैंया, नगरा, उदयपुर, टिकरिया, मजिगंवा, महुआ, ककरही, भुतहिया, गंगवल, नादेपार, सोनौरा, कडजहवा, दोहनी, अहणी,आदि ग्रामों में। 6200 पशुओं में सुरक्षात्मक टीकाकरण किया जा चुका है। शिविर में 42 पशुओ में खुरपका मुंहपका रोग निरोधक टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधित औषधि का वितरण निःशुल्क किया गया। मौके पर रमजान, जाहिदा, नाजमा, शकील, तजीमुन, रेहाना, रोशनजहां, चिनगुद व रामू सहित तमाम पशुपालक मौजूद रहे।



## निरीक्षक सौदागर राय सहित अवैध वसूली करने वाले पुलिस कर्मी निलम्बित

### उ0नि0 राम निरंजन, हे0का0 शेषनाथ यादव, हे0का0 विनय जायसवाल, का0 जोगेन्द्र सिंह व का0 धर्मेन्द्र शाह हुये लाइन हाजिर।

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ की रिपोर्ट के आधार पर थाना कठेला समयमाता पर नियुक्त निरीक्षक सौदागर राय, मु0आ0 सुरेश वरूण व आ0 पन्ने लाल को दिनांक 02–08–2022 को निलम्बित करते हुए प्रारम्भिक जांच क्षेत्राधिकारी सदर को सौपी गयी। इनके विरुद्ध अवैध रूप से धन वसूली के आरोप थे। इसी प्रकरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा क्षेत्राधिकारी रूधौली को जांच सौंपी गयी थी। क्षेत्राधिकारी रूधौली की जांच में उक्त कर्मियों के विरुद्ध आरोपों के पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि कठेला समयमाता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हीरखास के रहने वाले एक युवक व युवती को दिनांक 22.07.2022 को थाना क्षेत्र में बेवक्त समय एक साथ पाये जाने पर थाना कठेला समयमाता पर लाया गया तथा उनके परिजन से सुलह–समझौते व छोड़ने के नाम पर 02 लाख की मांग की गयी तथा 65,000ध्लेकर छोड़ा गया। आरोपों की पुष्टि होने पर उक्त कर्मियों के विरूद्ध दिनांक 23–11–2022 को थाना कठेला समयमाता पर मु0अ0सं0–193ध22 धारा 342,384 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। तथा विभागीय कार्यवाही अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को सुपुर्द की गयी है। इसके अलावा जांच में 5 अन्य पुलिस कर्मियों को कार्य में लापरवाही का दोषी पाया गया है। 5 कर्मी क्रमशः उ0नि0 राम निरंजन, हे0का0 शेषनाथ यादव, हे0का0 विनय जायसवाल, का0 जोगेन्द्र सिंह व का0 धर्मेन्द्र शाह को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गई है।



## अहिरौला में तीन दिवसीय ऐतिहासिक श्री राम लीला धनुष यज्ञ का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। बढनी के अहिरौला में 26 नंवबर से तीन दिवसीय राम लीला और धनुष यज्ञ मेला का आयोजन होगा। यह ऐतिहासिक राम लीला कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष गांव के कलाकारों द्वारा मंचन किया जाता है।

इस वर्ष 26 नंवबर से शुरू होगा और 28 को भव्य मेला के साथ समापन होगा। तीन दिवसीय राम लीला धनुष यज्ञ मेला समिति के संस्थापक स्वर्गीय राम चन्द्र चौधरी, स्व मन्थु प्रसाद व स्व परमात्मा प्रसाद रहें।

उन्ही के प्रेरणा पुंज से समस्त गांव वाले मिलकर प्रत्येक वर्ष इस पवित्र धार्मिक कार्य को मंचन के द्वारा अनवरत जारी रखें हैं। तीन दिवसीय में रात्रि में क्षेत्रवासियों व कलाकारों के उपस्थित से मनमोहन दृश्य मंचन होता है। 28 नवंबर को दिन में मेला लगता है जिसमें धनुष भंग,लक्ष्मण परशुराम संवाद और सुंदर मेला मुख्य आकर्षक रहता है।

श्री राम धनुष यज्ञ मेला समिति के श्यामसुंदर चौधरी, श्याम प्रकाश, देव नारायण यादव, गोपाल शमशेर चौधरी, विक्रमादित्य सैनी,राम मनोहर चौधरी, राम जी मिश्रा, प्रेमचंद, जगदंबिका प्रसाद, अर्जुन सैनी, राम कृष्ण चौधरी, ग्राम प्रधान लाल सिंह चौधरी,अनिल पासवान, प्रेम संकर सैनी, राकेश पासवान, बीबी, विष्णु प्रकाश, केपी, पंकज पटेल, शैलेश सैनी, सुरेंद्र शर्मा, रामसहाय पासवान, सर्वजीत चौधरी, रवि मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, रामरतन, हरिलाल सैनी, महेश यादव, विजय सिंह चौधरी, लाल किशोर, मनोज कुमार चौधरी, वंश गोपाल गिरी, सुनील चौधरी आदि लोगों ने क्षेत्रवासियों का सादर आमंत्रित किया।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आज पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर द्वारा नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर अंतर्गत ऑफिसर कॉलोनी के जगदीशपुर गांव में पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति के नेतृत्व में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन ऑफीसर्स कॉलोनी के जगदीशपुर गांव के निवासी सतीश कुमार रस्तोगी के सहयोग से किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में 32 पशुपालकों के 143 पशुओं को, जिसमें गाय, भैंस, बकरी इत्यादि सम्मिलित हैं, निशुल्क दवा का वितरण किया गया। तथा 78 गोवंश महिषवंश का खुरपका मुंहपका का टीकाकरण भी किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने कीड़े से संबंधित दवा, किलनी से संबंधित दवा,घाव से संबंधित दवा, दस्त बुखार से सम्बंधित दवा का वितरण निःशुल्क किया गया तथा इस कैंप में विशेष रुप से सहयोग करने वाले सतीश कुमार रस्तोगी के प्रति भी आभार जताया। पशु चिकित्सा शिविर के दौरान गांव के निवासी सुनील कुमार। रस्तोगी, दीपक प्रेमचंद, किसलावती, ऊषा सहित पशु चिकित्सा स्टाफ में नरेंद्र यादव, राजेंद्र कुमार, महेंद्र पाल उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

यात्रा जब महाराष्ट्र में चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी उसमें शामिल हुए और उसी दौरान उनको गुजरात के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई। उनको भी पार्टी के पर्यवेक्षकों में शामिल किया गया। सो, जैसे कर्नाटक में योजना फेल हुई वैसे ही महाराष्ट्र में भी हुई। अब मध्य प्रदेश की चर्चा हो रही है। कहा ...

# भाजपा के ऑपरेशन लोटस फेल हो रहे?



कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है, वहां भाजपा के ऑपरेशन लोटस की चर्चा शुरू हो जा रही है। यात्रा जब तेलंगाना में थी तो लगभग सभी अखबारों में खबर छपी और टेलीविजन चौनलों पर दिखाया गया कि भाजपा महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को तोड़ देगी। कहा गया कि राहुल की यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंचेगी तो ऑपरेशन लोटस होगा और कांग्रेस के विध ाायक टूट कर भाजपा में शामिल होंगे। अब बुधवार यानी 23 नवंबर को यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश कर रही है तो उससे पहले कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक टूटेंगे, ऑपरेशन लोटस होगा। उससे पहले जब यात्रा केरल से कर्नाटक पहुंची थी तब भी यही कहा गया था। हालांकि हकीकत यह है कांग्रेस न कर्नाटक में टूटी और न महाराष्ट्र में उसका कोई विधायक टूट कर भाजपा के साथ गया। ध्यान रहे भाजपा महाराष्ट्र में काफी समय से इसका प्रयास कर रही है। शिव सेना से टूट कर जब एकनाथ शिंदे गुट अलग हुआ और भाजपा के समर्थन से नई सरकार बनी तो उसके विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग के समय कांग्रेस के कई विधायक नहीं पहुंचे। उनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी शामिल थे। नहीं पहुंचने वाले विधायकों ने कहा कि वे ट्रैफिक में फंस गए थे लेकिन असल कहानी बताई गई कि ये विधायक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने वाले हैं। अशोक चव्हाण के साथ साथ पृथ्वीराज चव्हाण के बारे में भी कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। लेकिन जब राहुल गांधी की यात्रा महाराष्ट्र पहुंची तो ये दोनों नेता यात्रा के साथ रहे। अशोक चव्हाण सारी तैयारियों में शामिल रहे क्योंकि यात्रा उनके क्षेत्र नांदेड़ से ही महाराष्ट्र में प्रवेश कर रही थी। इतना ही नहीं उनकी बेटी श्रीज्या नांदेड़ में पूरे समय राहुल गांधी के साथ रहीं। नांदेड़ में यह यात्रा 104 किलोमीटर चली और श्रीज्या पूरे समय राहुल के साथ पैदल चलीं। बाद में अशोक चव्हाण ने बताया कि उनकी बेटी राहुल गांधी की प्रशंसक है और वह उनके साथ कश्मीर तक पैदल चलने को तैयार है। ध्यान रहे चव्हाण ने अघोषित रूप से अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी बना दिया है और वे उनके पारंपरिक भोखर विधानसभा क्षेत्र में काम कर रही हैं। यात्रा जब महाराष्ट्र में चल रही थी तो पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी उसमें शामिल हुए और उसी दौरान उनको गुजरात के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई। उनको भी पार्टी के पर्यवेक्षकों में शामिल किया गया। सो, जैसे कर्नाटक में योजना फेल हुई वैसे ही महाराष्ट्र में भी हुई। अब मध्य प्रदेश की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा ऑपरेशन लोटस–2 की तैयारी कर रही है। यानी एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायकों को तोड़ा जाएगा। लेकिन इसकी संभावना कम दिख रही है। इक्का दुक्का विधायक टूटें तो अलग बात है लेकिन ज्यादातर विधायक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में अपने अपने क्षेत्र में काम करने में लग गए हैं।

# सिफर नतीजे का सम्मेलन

ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है। वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है। दुनिया खेमों में बंट रही है। तब क्या जी–20 की ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिस कारण यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था? इंडोनेशिया के बाली हुए जी–20 शिखर सम्मेलन का सार यही रहा कि नई बनी विश्व परिस्थितियों में ये मंच अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। ये बात ध्यान में चाहिए कि जी–20 में देशों को उनकी अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर शामिल किया गया था। यानी यह मुख्य रूप से आर्थिक मंच है। इस समूह की पहचान 2008 की वैश्विक मंदी के समय और उसके बाद बढ़ी, जब इसके सदस्य देशों ने मिल कर दुनिया को उन हालात से उबारने के साझा प्रयास किए। अब जबकि बाली में इन देशों के नेता मिले, तो उस समय एक बार फिर खाद्य और ऊर्जा संकट, महंगाई और उसके कारण मंदी के बनते हालात दुनिया के सामने हैं। ऐसे में इस समूह से यह अपेक्षा उचित होती कि एक बार फिर इसके सदस्य देश दुनिया को राहत पहुंचाने के साझा कदम उठाएंगे। लेकिन यह अपेक्षा सम्मेलन शुरू होने से पहले ही चूक गई, जब पश्चिमी देशों ने इस मंच से रूस को निकालने की कोशिश की और उधर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को घेरने और उस पर प्रतिबंध लगाने के कई एलान कर दिए। ऐसे में बाली कोई आम सहमति बनती, इसकी गुंजाइश कम थी। जाहिर है, वहां सारा ध्यान नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकातों पर टिका रहा। जबकि शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध जैसे महत्त्वपूर्ण मसले पर कोई सार्थक विचार होने के बजाय इस पर मतभेद उभर कर सामने आते रहे। इसकी झलक बाद में जारी बाली घोषणापत्र में भी देखने को मिली। तो कुल सूरत यह उभरी जब ग्लोबलाइलजेशन के दौर थम चुका है, इस कारण वैश्विक सप्लाई चेन टूट चुका है और दुनिया खेमों में बंट रही है, तब पुरानी परिस्थितियों में बना मंच अनौपचारिक चर्चाओं के लिहाज से भले उपयोगी हो, लेकिन उसकी कोई ऐसी प्रासंगिकता नहीं बचेगी, जिसकी वजह से यह एक महत्त्वपूर्व समूह बना था। इसलिए संभव है कि आने वाले वर्षों में जी–20 के बजाय दुनिया का ध्यान जी–7, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे देशों के शिखर सम्मेलनों पर अधिक टिके। उन मंचों में कम से कम एक बात अवशय है कि वहां आने वाले देशों में हितों की समानता है, जिससे उनके बीच वैचारिक सहमति की भी अधिक गुंजाइश बनी हुई है।

# कभी प्रेम, कभी घृणा से काटी जाती बोटियां.......हर बार धोखे और विश्वासघात से सहमती और सिसकती है बेटियां

## आज होने वाले हर अपराध का क्या कारण सिर्फ और सिर्फ हमारी दंड व्यवस्था ही है, जो कि इतनी शिथिल है कि एक जीवन खत्म होते–होते भी प्रताड़ना सहने वाली युवती को न्याय नहीं मिलता और समाज भटके हुए युवाओं को यह संदेश जरूर दे जाता है कि अपराध करें बस अच्छा वकील करें आप इज्जत आबरू से समाज में जी सकते हैं। कब तक सांत्वनाओं का खेल चलता रहेगा ? क्यों हम ...

दैनिक बुद्ध का संदेश

लगभग हर रोज आप पेपर उठाते हैं तो महिला के शोषण के खबर पढ़ते हैं, इसी क्रम में कभी–कभी कुछ ऐसा हो जाता है जो रूह को भी हिला दे, जो आपकी रातों की नींद उड़ा दे और आप चिंतित हो जाएं कि आप उसी समाज में रहते हैं जहां रोज जहां एक तरफ किसी न किसी बेटी को या तो प्रेम के नाम पर स्वीकृति न मिलने पर तेजाब डालकर जला दिया जाता है या छत से फेंक दिया जाता है दूसरी तरफ प्रेम को स्वीकार करने पर, अनचाहे शारीरिक संबंधों के लिए विवश किया जाता है तो कहीं बोटी बोटी काट कर फेंक दिया जाता है। कही बेटियों को प्रेम के जाल में फंसा कर देह व्यापार की अंधेरी कोठियों में ढकेल दिया जाता है। निश्चित रूप से आप भी सोचते होंगे प्रेम है क्या ? क्या आज के कलयुगी समाज में प्रेम सिर्फ वासना शारीरिक भोग और बेटियों को खिलौना समझने के सिवा कुछ नहीं है। प्रेम का कोई पाठ्यक्रम नहीं बना और ना ही परिवारों ने, समाज ने,कभी किसी को प्रेम करने की इजाजत ही दी, फिर भी यह परंपरा यह भावनात्मक लगाव और खिंचाव सदियों से चला रहा है। खुद को चाहे जाने की तमन्ना रखना, फिर वह महिला हो या पुरुष दोनों के लिए नैसर्गिक प्राकृतिक गुण ईश्वर के द्वारा प्रदान किया गया है। अगर सब कुछ सही है तो फिर समस्या कहां है हम सबको सोचना होगा।

क्या आज समाज में नैतिक और व्यवहारिक ज्ञान कुछ ज्यादा ही दिया जा रहा है ?क्या हमने बच्चों में सभी का खून का रंग लाल है यह पाठ ज्यादा पढ़ा दिया है। जब हम बचपन से हिन्दू मुसलमान,जाति, बिरादरी ,ऊंच–नीच अलग–अलग उपजातियां, बच्चों को बताते ही नहीं तो बाद में हम उन्हें हिंदू मुसलमान जाति और उपजाति की दुहाई देकर जीवनसाथी चुनने पर बेड़ियां क्यों लगाते हैं ? वैश्वीकरण के युग में हम कितने भी आधुनिक हो जाएं, पश्चिम देशों से लिव इन रिलेशनशिप या कहें सहमति संबंध, या बालिग होते ही शारीरिक संबंध, स्त्रीदृ स्त्री से संबंध पुरुषदृ पुरुष से संबंध ले तो आए हैं कुछ रिश्तो को मान्यता भी दे रहे हैं पर क्या यह भारत की सभ्यता और संस्कृति में स्वीकार हो पाएगा ? आपका जवाब होगा निश्चित रूप से नहीं। वैश्वीकरण के नाम पर जो खिड़की और दरवाजे हमने खोल रखे हैं उनमें यदि समय के साथ फिल्टर नहीं लगाया तो शायद प्रदूषित हवा से हमारा समाज हमारे संस्कार और सभ्यता नष्ट हो जाएंगे। स्वतंत्रता और स्वछंदता का अंतर हमें विद्यालय के स्तर से बच्चों को कराना आज अति आवश्यक हो गया है। यदि सामाजिक समस्या आम समस्या होती जा रही है तो निश्चित रूप से इसका समाध ाान भी हम सबको मिलकर सोचना ही होगा कब तक जन्म से लेकर मृत्यु की शैया तक एक बच्ची, एक युवती, एक महिला प्रताड़ित होती रहेगी........... बस नाम उम्र और जाति अलग हो सकती हैं। यदि प्रेम के नाम पर धोखा विश्वास यह जबरदस्ती प्रेम करने के लिए किसी को दूसरे व्यक्ति द्वारा प्रताड़ित किया जाता है उस प्रताड़ना को अपराध की श्रेणी तक ले जाया जाता है तो फिर हमारी न्याय व्यवस्था ऐसे लोगों को त्वरित न्याय देते हुए सजा क्यों नहीं देती क्यों किसी अबला को जिसकी बूटियों काट दी जाती हैं मरने के बाद भी उसके पेज पर गालियां सुननी पड़ती हैं क्यों हर बार रेप होने वाली बच्ची से लेकर युवती को सामाजिक ताने सुनने पड़ते हैं, कई मामलों में तो प्रेम के नाम पर अश्लील वीडियो बनाकर बच्ची के माता–पिता को ही भेज दिए जाते हैं, आप कल्पना करें उस पिता के ऊपर क्या बीती होगी या तो वह अपनी बेटी की हत्या कर दे या खुद फांसी पर लटक जाए एक विचित्र शर्मसार करने वाली मनोदशा परिवारों को झेलनी पड़ती है.......क्यों हम सरेआम अपराधियों को सजा का प्रावधान नहीं करते। आज होने वाले हर अपराध का क्या कारण सिर्फ और सिर्फ हमारी दंड व्यवस्था ही है, जो कि इतनी शिथिल है कि एक जीवन खत्म होते–होते भी प्रताड़ना सहने वाली युवती को न्याय नहीं मिलता और समाज भटके हुए युवाओं को यह संदेश जरूर दे जाता है कि अपराध करें बस अच्छा वकील करें आप इज्जत आबरू से समाज में जी सकते हैं। कब तक सांत्वनाओं का खेल चलता रहेगा ? क्यों हम नागरिक अपनी न्याय व्यवस्था और दंड व्यवस्था को कड़ा करने के लिए एकजुट नहीं हो पा रहे। आइए मिलकर सोचे, मनन करें हमारा समाज प्रेम के नाम पर कहां जा रहे हैं?

रीना त्रिपाठी
महामंत्री
भारतीय नागरिक परिषद।

**जरा सोचिए, जिस समूह ने अलकायदा के साथ मिलकर अमेरिका पर 11 सितम्बर , 2001 का सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया, उसके लोग भी इनके यहां लंबे समय तक अवांछित नहीं रहे तो जाकिर नायक विश्व भर में इस्लामिक विद्वान और उपदेशक है। इसलिए वह इन देशों में अवांछित हो जाएगा ऐसा हमें नहीं मानना चाहिए। वास्तव में इस्लाम के अंदर का चरमपंथ, हिंसक उग्रवाद और आतंकवाद...**

# फीफा कप और जाकिर नायक

अवधेश कुमार

कतर में फुटबॉल का महा आयोजन फीफा विश्व कप आरंभ हो गया। अल खोर शहर के 60 हजार की क्षमता वाले अल बायत स्टेडियम में एक भी सीट खाली नहीं दिख रही थी।

पहली बार किसी अरब देश में आयोजित विश्व कप में 28 दिनों में 64 मुकाबले खेले जाएंगे और 18 दिसम्बर को फाइनल के साथ इसका समापन होगा, लेकिन फीफा विश्व कप के आयोजन में एक ऐसी घटना हुई है, जिसकी ओर कम लोगों का ध्यान गया।

यह घटना है, कट्टरपंथी इस्लामी प्रचारक जाकिर नायक की उपस्थिति। जाकिर नायक वहां फुटबॉल मैच देखने नहीं गया। कतर ने बाजाब्ता उसे निमंत्रण देकर बुलाया। वह वहां खिलाडियों के सामने धर्म की बात करेगा। वहां के एक प्रजेंटर का बयान है कि उपदेशक शेख जाकिर नायक वर्ल्ड कप के दौरान कतर में है और पूरे टूर्नामेंट के दौरान मजहबी लेक्चर देंगे। भारतीयों के लिए यह समाचार निस्संदेह धक्का पहुंचाने वाला है। जाकिर नायक भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए भगोड़ा है, जिसने न केवल भारत बल्कि बाहर भी अपने कट्टरपंथी भाषणों व अभियानों से मजहब कट्टरता को बढ़ाया और आतंकवादी घटनाओं के लिए भी प्रेरित किया। प्रश्न है कि भारत क्या करे? भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी कतर के निमंत्रण पर देश का प्रतिनिधित्व करने वहां गए। कुछ लोग कह सकते हैं कि भारत न केवल पूरे आयोजन का बहिष्कार करे बल्कि कतर के सामने विरोध भी प्रकट किया जाए।




भारतीयों का गुस्सा स्वाभाविक है। किंतु त्वरित प्रतिक्रिया की बजाय ऐसी घटनाएं हमें शांति से बहुत कुछ सोचने को विवश करतीं हैं ताकि भविष्य की दृष्टि से सटीक रणनीति निर्धारित कर सकें। भारत ने वर्ष 2016 में जाकिर नायक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन यानी आईआरएफ को अवैध घोषित कर दिया था। जांच में स्पष्ट हुआ था कि उसके माध्यम से अलग–अलग धार्मिक समुदायों और समूहों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस पर प्रतिबंध भी लगा दिया था। दुनिया के कई प्रमुख देश मान चुके हैं कि जाकिर नायक धर्मगुरु होने की आड़ में इस्लामी कट्टरपंथ को न केवल बढ़ाता है बल्कि दूसरे धर्मो की खुलेआम आलोचना करता है और लोगों को इस्लाम में परिणत भी करता है, लेकिन किसी देश ने विश्व कप फुटबॉल में उसकी उपस्थिति व नियमित व्याख्यान पर आपत्ति प्रकट नहीं की है। यही वह स्थिति है जिसे समझने की आवश्यकता है। भारत के कई आतंकवादी हमलों में पकड़े गए आतंकवादियों ने बताया कि वह जाकिर नायक से प्रभावित था। कश्मीर के बुरहान बानी जैसे आतंकवादी ने कहा कि वह जाकिर नायक का अनुसरण करता है। बांग्लादेश के विस्फोटों में शामिल आतंकवादियों ने भी जाकिर नायक का नाम लिया था। उसने अपनी तकरीर में ओसामा बिन लादेन का भी समर्थन कर दिया था।

उसने बयान दिया था कि अगर बिन लादेन इस्लाम के दुश्मनों से लड़ रहा है तो मैं उसके लिए हूं। अगर वह सबसे बड़े आतंकवादी अमेरिका को आतंकित कर रहा है तो मैं उसके साथ हूं। वह कर रहा है या नहीं मुझे नहीं पता, लेकिन आपको मुस्लिम होने के नाते पता होना चाहिए कि बगैर जांच के आरोप लगाना भी गलत है। हालांकि नाइक ने बाद में इन बयानों का खंडन भी किया। ये सारी खबरें पूरी दुनिया में गई और हर देश की सरकार और वहां की सुरक्षा एजेंसियों को इसका पता है। बावजूद जाकिर नायक भारत से अरब पहुंच गया और मलयेशिया में है। मलयेशिया में वह आराम से रहता है। मलेशिया ने उसके प्रत्यर्पण की मांग खारिज कर दी। ऐसा लगता है कि एक रणनीति के तहत जाकिर नायक को बुलाया गया है। मुख्य बात यह है कि उसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उपस्थित होने और अपनी तकरीरें देने का सम्मानजनक अवसर दिया गया है। इस्लाम के अंदर भी विश्व भर में अनेक ऐसे धर्मगुरु हैं, जिनकी प्रतिष्ठा आम मुसलमानों के बीच है। उनसे इतर जाकिर नायक को इतनी प्रमुखता देने की आवश्यकता क्यों हुई? कतर ने इस पर कुछ कहा नहीं है। हम आप इसका अर्थ समझ सकते हैं। यानी जाकिर नायक हमारे आपके लिए एक कट्टरपंथी मजहबी विचारक, वक्ता, प्रचारक है जिसने विश्व भर में इस्लामी चरमपंथ और आतंकवाद को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है किंतु अनेक इस्लामी देशों और उनके शासकों के लिए वह इस्लाम की सेवा कर रहा है।

जाहिर है, वे उस तरह उसके बारे में विचार नहीं कर सकते जिस तरह हम आप करते हैं। यही वह बिंदु है जिस पर स्थिर होकर भारत को भविष्य में इन देशों के बारे में अपना अप्रोच बनाए रखना होगा। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के मामले में हमने देखा कि किस तरह कतर सहित कुछ इस्लामी देशों ने अतिवादी प्रतिक्रियाएं दी थी। हमें इनसे इसके विपरीत व्यवहार और चरित्र की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जो कुछ वे कर रहे हैं यही स्वाभाविक है। अगर विश्व में इस्लामी आतंकवाद इतना शक्तिशाली हुआ और विनाश का कारण बना तो यूं ही नहीं। प्रत्यक्ष और परोक्ष अनेक देशों का उन्हें सहयोग और समर्थन रहा है। अंतरराष्ट्रीय वातावरण और कानून के अनुसार कोई देश वैसे आतंकवादी संगठनों का खुलेआम समर्थन नहीं कर सकता किंतु हमारी तरह वे उसे आतंकवादी और आतंकवादी संगठन मानें यह आवश्यक नहीं है।

तालिबान विश्व भर में प्रतिबंधित था किंतु कतर में उसका राजनीतिक मुख्यालय काम करता रहा। अमेरिका को वहीं तालिबान के साथ बातचीत और समझौता करना पड़ा। कायदे से प्रतिबंध के बाद तालिबान को कहीं भी मुख्यालय बनाने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए थी। तालिबान के लोग विश्व के कई इस्लामी देशों में संरक्षण पाते रहे हैं। जरा सोचिए, जिस समूह ने अलकायदा के साथ मिलकर अमेरिका पर 11 सितम्बर , 2001 का सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया, उसके लोग भी इनके यहां लंबे समय तक अवांछित नहीं रहे तो जाकिर नायक विश्व भर में इस्लामिक विद्वान और उपदेशक है। इसलिए वह इन देशों में अवांछित हो जाएगा ऐसा हमें नहीं मानना चाहिए। वास्तव में इस्लाम के अंदर का चरमपंथ, हिंसक उग्रवाद और आतंकवाद एक लंबे संघर्ष का विषय है जिनमें अपना संयम संतुलन बनाए रखते हुए स्पष्ट नीति के साथ आगे बढना होगा।




# महिला सशक्त तो बनें साथ ही साथ बच्चों में संस्कार के बीज भी डाले–अलका गुप्ता

## गांधी भवन में मनाया गया महिला सशक्तिकरण दिवस

हरदोई ।कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत गाँधी भवन में महिला सशक्तीकरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, महिला ग्राम प्रधानों, महिला कल्याण विभाग के कार्यकर्ता,शिक्षा विभाग की अध्यापिकायें एवं महिला सामाजिक कार्यकर्त्री एवं स्वयं सेवी संगठनों की महिला पदाधिकारियों ने भाग लिया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अलका गुप्ता,जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने अपने सम्बोधन में सलाह दी कि महिला सशक्त तो बनें साथ ही साथ बच्चों में संस्कार के बीज भी डाले। अन्यथा मुम्बई की श्रद्धा जैसे हत्याकाण्ड होते रहेगें, शिक्षा एवं आधुनिकता के साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है ।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी श्रीमती वन्दना त्रिवेदी ने अपने सम्बोधन में महिलाओं को बताया कि जब आपके साथ पहली बार कुछ गलत हो तभी उसका विरोध करें, तो गलत करने वाले की हिम्मत नहीं बढ़ेगी ।उन्होनें अपनी छात्र जीवन की एक घटना को महिलाओं के साथ साझा किया ।कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती बुद्धि मिश्रा जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी का स्वागत किया और महिलाओं को सशक्तीकरण एवं स्वछन्दता के बीच अन्तर करते हुए वास्तविक रूप सशक्त बनने एवं परिवार की बहू बेटी को भी सशक्त बनाने की अपील की ।कार्यक्रम में चार महिलाओं श्रीमती अनीता पाण्डे, श्रीमती शारदा देवी(ऑ०वा० कार्य०)श्रीमती पल्लवी (पोषण सखी) एवं कु० दिव्या सचान,(सहायक अध्यापिका)को उनके क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया। भा०ज०पा० नेत्री श्रीमती सुहाना जैन,दूरदर्शन की एंकरध् समाचार वाचक नेहा सिंह,समाज सेविका चेतना शुक्ला,नई राह सेवा संस्थान की अध्यक्षा शिप्रा सोनकर ने भी महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम के अन्त में सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी ।समाधान अभियान की मास्टर ट्रेनर आलोकिता श्रीवास्तव ने मंच का संचालन किया एवं सभी को धन्यवाद उद्बोधन दिया।

# 67 बच्चों के क्लबफुट का निःशुल्क इलाज

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर ब्लाक के फत्तूपुर कला गांव के राजेश यादव और प्रीति देवी के बेटे आर्यन यादव (तीन माह) का पैर टेढ़ा था। भविष्य में उसके चलने फिरने में होने वाली दिक्कतों को लेकर वह डर गए थे। अक्टूबर में उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत उसे जिला चिकित्सालय में दिखाया। वहां उसके प्रभावित पैर में चीरा लगा और पट्टी हुई। अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेट क्लबफुट से उसे निरूशुल्क जूते मिले जिनका उपयोग कर उसका पैर सही हो गया। इसमें उनका एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ। केराकत के अतरौरा गांव के शिव प्रकाश यादव और रीता के बेटे के दोनों पैर के पंजे अंदर की तरफ मुड़े थे। इससे वह चल नहीं पाता था। उन्होंने मुफ्तीगंज में आरबीएसके की डॉ मोनिका से सम्पर्क किया। उनके माध्यम से उनके बेटे का जिला अस्पताल में इलाज हुआ तथा उनके बच्चे को निःशुल्क जूते मिले। इलाज के कारण उनका बेटा चारपाई और गड़ारी के सहारे चल लेता है। राजेश और प्रीति तथा शिव प्रकाश और रीता अपने बच्चों के पैर के पंजे सही हो जाने से खुश हैं। वह आरबीएसके के जरिए मिलने वाली सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह सिंह का आभार जता रहे हैं। लेकिन यह तो सिर्फ उदाहरण हैं असल में ऐसे कई मामले हैं जो आरबीएसके के तहत जिला अस्पताल में निःशुल्क उपचारित किए जा रहे हैं। आरबीएसके के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव कुमार कहते हैं कि आरबीएसके की टीम सरकारी स्कूलों में क्लबफुट सहित कई अन्य जन्मजात बीमारियों से प्रभावित 18 वर्ष की उम्र तक के बच्चों की खोज कर उनके इलाज की व्यवस्था कराती है। जनपद में 2019 से अब तक क्लबफुट के 67 बच्चों का आरबीएसके के तहत इलाज कराया जा चुका है। 2022 में अभी तक 25 बच्चे आरबीएसके के माध्यम से ठीक हो चुके हैं। आरबीएसके के डिस्ट्रिक्ट अर्ली इनटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) प्रबंधक अमित कुमार गौड़ बताते हैं कि क्लबफुट की समस्या का समाधान करने के लिए एक गैर सरकारी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेट क्लबफुट काम कर रही है। संस्था ऐसे बच्चों के उपचार के लिए आरबीएसके तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग में काम करती है। संस्था की तरफ से क्लबफुट के इलाज में मिलने वाली सुविधाओं का फायदा उठाने के लिए प्रभावित बच्चों की जल्द से जल्द पहचान कर इलाज के लिए लाना जरूरी है। अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेट क्लबफुट की प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव अंकिता श्रीवास्तव बताती हैं कि प्रभावित बच्चे के लिए फुट ब्रेसेज सहित पूरी चिकित्सा सुविधा निरूशुल्क है। हर शुक्रवार को जिला अस्पताल के हड्डी विभाग कमरा नम्बर 10 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लबफुट की निरूशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

# पूर्व माध्यमिक जूनियर शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

उन्नाव । उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की नवंबर माह की बैठक सोना पैलेस गेस्ट हाउस उन्नाव में संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा उन्नाव की समस्त जनपदों से आए हुए ब्लाक कार्यकारिणी के शिक्षक हितों में सुझाव आमंत्रित किये गए जनपदीय महामंत्री श्री कृष्ण शंकर मिश्र द्वारा जनपद उन्नाव की समस्त विकास खंडों के शिक्षकों की समस्याओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के संबोधन में ज्ञापन तैयार किया गया बैठक के मुख्य बिंदुओं में विकासखंड सुमेरपुर के शिक्षकों के लंबित अवशेष वेतन बिल, लंबित चयन वेतनमान अवशेष भुगतान बिल ना बनाए जाने के संबंध में एवं पटल सहायक द्वारा शिक्षकों को पावती न दिए जाने एवं उच्च अधिकारियों की लगातार अवहेलना करने, उन्नाव के समस्त विकास खंडों में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक के बिना स्पष्टीकरण वेतन अवरुद्ध किए जाने, अर्जित अवकाश का पोर्टल पर अंकन ना होने, वर्तमान सत्र में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावलीया विशेषज्ञ की देखरेख में डाइट उन्नाव में कैंप लगाकर जमा करवाने, रसोईया मानदेय भुगतान समय से करवाने, एवं माननीय लोक सेवा अधिकार व माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वाद अवमानना वाद में बेसिक कार्यालय स्तर पर लंबित याचिकाओं पर तत्काल रुप से कार्यवाही करवाए जाने जैसे प्रमुख बिंदु बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा इन समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया गया बैठक का संचालन जिला महामंत्री कृष्ण शंकर मिश्र द्वारा किया गया तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचकर जनपदीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें ज्ञापन दिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों के हितों में समस्त मांगों को स्वीकार करते हुए शीघ्र अति शीघ्र निराकरण की बात कही गई बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला महामंत्री कृष्ण शंकर मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष अवनीष पाल, मंडल उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा, मंडल संयुक्त मंत्री इमरान अली खान, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, विकासखंड सुमेरपुर संयोजक दीपक वर्मा, सुमेरपुर महामंत्री नमो नारायण, कोषाध्यक्ष हर्ष मिश्रा, नवाबगंज अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह नवाबगंज मंत्री अमित शर्मा, मियागंज ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, सफीपुर ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, उपाध्यक्ष शरद कुशवाहा, औरास ब्लॉक अध्यक्ष राकेश बघेल ,वैष्णव कनौजिया, आशीष कुमार समेत समस्त पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले,दो घायल 8 पर रिपोर्ट

हरपालपुर,हरदोई ।थाना क्षेत्र के मलौथा गांव में जमीन का बैनामा कराने की रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी–डंडे चले। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।थाना क्षेत्र के मलौथा गांव निवासी अनुरोध 38 पुत्र देवी दयाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि जब वह अपने पड़ोस में एक दावत में खाना खा रहा था। तभी जमीन का बैनामा कराने की रंजिश को लेकर गांव के नीरज सलोनी गोपाल शोभित उसके पास आकर गाली गलौज करने लगे मना करने पर लाठी–डंडों से हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गया। वहीं दूसरी तरफ नीरज45 पुत्र गोकरन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह दावत में खाना खा रहा था ।तभी अनुरोध,मेहताब, देवी दयाल की पत्नी अज्ञात,उनकी पुत्री रोशनी उसके पास आकर गाली गलौज करने लगे मना करने पर लाठी–डंडों से जमकर मारा पीटा। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 8 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

# रेप के दरिंदों को आजीवन कारावास

हरदोई। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश के जज सत्यदेव गुप्ता ने दुष्कर्म के दोषी गुरबख्श पर छोटे लाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर पैसे ध्65000 का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया गया है ।घटना के 5 साल के बाद यह फैसला आया है जिसके बाद पीड़िता और उसके परिवार ने संतुष्टि जाहिर की है। मामला लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी महिला ने कोर्ट में वाद दायर कर बताया था कि 17 जनवरी 2017 को वह घर में अकेली थी तभी गांव के ही गुरबख्श और छोटेलाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत उसने लोनार थाने में की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके बाद पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना कर दोनों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की, मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट में चल रही थी अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जज ने आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 65 ध्65000 जुर्माना अदा करने का आदेश सुनाया है फैसला आने के बाद उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# धारदार हथियार से हमले में मामूली धारा लगायी

जौनपुर। धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ मामूली धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने खाना पूर्ति कर दी। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के जेसीज चौराहे के पास एक रेस्टोरेंट से बाहर निकले नगर के ही अभिषेक निषाद पुत्र मुन्ना लाल निषाद नामक युवक को 4–5 लोगों द्वारा ईंट, बेल्ट व धारदार हथियार से जान से मारने की कोशिश की गयी। मनबढ़ युवक घायल का स्मार्ट फोन व पर्स भी छीन ले गये। किसी तरह जानकारी होने पर पहुंचे परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गये जहां घायल भर्ती रहा। उधर सिर में चोट लगने के कारण परिजन सिटी स्कैन कराने घायल को जिला अस्पताल के बाहर निजी जांच केन्द्र पर ले गये जहां पहुंची पुलिस ने शिकायत लेकर मामूली धारा 323, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जबकि घायल के सिर में काफी चोंटें हैं जो गम्भीर हैं। साथ ही मोबाइल व रूपये छीनने का कोई धारा ही नहीं लगायी गयी। ऐसे में लगता है कि पुलिस मामले को रफा दफा करने के चक्कर में है ।

# ईश्वर प्रसाद पीजी कालेज का शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय राबर्ट्सगंज से 8 किमी दूर हिंदुवारी के निकट देउरां गांव स्थित ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के लिए सपनों को साकार करने का आसान जरिया बनता जा रहा है। 2014 में स्थापित इस महाविद्यालय से स्नातक का प्रथम बैच 2015–16 में पढ़कर निकला जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में स्वावलंबी भारत अभियान की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। स्नातक कला में हिन्दी, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, मध्यकालीन इतिहास, भूगोल और गृहविज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षार्थी स्वयं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रयत्नशील हैं, वहीं वे दूसरों के लिये भी उदाहरण बनते जा रहे हैं। उदाहरण के लिये छात्रा राजश्री राय अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों में अपने नव गीतों के लिये जहाँ जानी जाती है, वही वह उच्च शिक्षा के प्रति निष्ठावान है। वाणिज्य संकाय में बीकॉम के विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनने के लिये स्वरोजगार के प्रति ध्यान केंद्रित करते हैं। एम ए गृहविज्ञान और समाज शास्त्र के विद्वान शिक्षार्थी अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की मंशा से अग्रसर हैं। ज्ञातव्य हो कि महाविद्यालय की प्रबंधक मनीष पाण्डेय और



प्राचार्य समाजशास्त्री डॉ विमलेश कुमार त्रिपाठी प्राध्यापकों की एक योग्य टीम उच्च शिक्षा के शिक्षण के लिए नियुक्त कर गाँव के ग्रामीणों के पाल्यों को अपने अपने सपनों को सच करने के लिए एक अवसर सहज रूप से उपलब्ध कराएं हैं। प्रकृति की गोद में कोलाहल से दूर शांत वातावरण में हर प्रकार की सुविधाओं से युक्त शिक्षण कक्ष पढ़ने–पढ़ाने के लिए आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। प्राध्यापक राजेश कुमार द्विवेदी, हेमंत जायसवाल, मृत्युंजय पाठक, विमलेश कुमार पाठक, अंकित शुक्ल, चाँदनी पटेल ,गीता देवी और भोलानाथ मिश्र अपने–अपने विषयों की प्रभावी व्याख्यानों से छात्र–छात्राओं के अधिगम को सुगम बनाने का पूर्ण प्रयास करते हैं तो विद्यार्थी भी संस्कारित और अनुशासित वातावरण के कारण सीखने में कोताही नही दिखाते। प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने गुरुवार को हमारे विशेष संवाददाता से बातचीत करते हुए बताया कि सभी प्रकार की औपचारिकताएं लगभग पूर्ण हो गयी हैं, अन्य बातें सामान्य रही तो बीएड के शिक्षण की भी व्यवस्था मान्यता मिलते ही योग्य प्राध्यापकों के द्वारा प्रारंभ करने की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाएगी। महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक विनीत पाण्डेय, परिचारक रामजी तिवारी, परिचारिका फुलवंता देवी समेत अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी सराहनीय है ऐसा छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों का अभिमत है।

# झोलाछाप की लापरवाही से घायल ने दम तोड़ा

जौनपुर । सिकरारा थाना क्षेत्र के चांदपुर मैहर मंदिर के निकट बाइक से गिरकर घायल होने पर एक व्यक्ति को गांव के झोलाछाप डाक्टर का इलाज पड़ा भारी कि घायल व्यक्ति की मौत। हो गयी । बताते है कि गांव के एक झोलाछाप डॉक्टर ने घायल व्यक्ति को ठीक करने के लिए इलाज किया तथा इलाज में लापरवाही के दौरान उसकी मौत हो गयी। सिकरारा थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव निवासी रमेश चंद्र पाठक 45 वर्षीय पुत्र ब्रह्मदेव पाठक शाम बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे कि सामने से बांस बल्ली लादकर एक ठेला आ गया जिसे बचाने के लिए वह अपनी बाइक से गिर गए। जिसके चलते उनके सिर के पिछले भाग में गंभीर चोट आ गई इसके बाद उक्त गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर को दिखाया गया तो उसने इलाज करने के नाम पर उन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी ले लिया। जिसका नतीजा सुबह लगभग 7 बजे घायल व्यक्ति की हालत खराब होने लगी तो परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल भाग कर आए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जीवन के साथ किस प्रकार खिलवाड़ कर रहे हैं जिन पर स्वास्थ्य महकमें की खुली छूट दे रखी है।

# श्रद्धा बालकर की हत्या से लोगों में आक्रोश

हरदोई ।अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा ने जिला कलेक्ट्रेट में श्रद्धा बालकर की हत्या के मामले में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने ज्ञापन देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ।इस दौरान वैश्य समाज के लोगों ने कहा कि आफताब अमीन ने श्रद्धा बालकर की 35 टुकड़ों में हत्या कर दी जिसे छिपाने के लिए फ्रिज का इस्तेमाल किया और टुकड़ों को एक–एक कर जंगल में फेंक दिया, जिससे पूरे देश में ऐसे अपराधियों के प्रति आक्रोश है ।उन्होंने कहा कि श्रद्धा बालिका हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है जो कि मीडिया और सोशल मीडिया में इस समय ज्वलंत मुद्दा है इस भयानक घटना ने मन आत्मा और चेतना को झकझोर दिया है। इस दौरान वैश्य समाज के लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग भी की है। ज्ञापन में उन लोगों ने बताया कि कुछ लोग मनुष्य के रूप में जानवरों से ज्यादा जाहिल हैं। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देकर आरोपी को शीघ्र फांसी के फंदे पर लटकाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिससे जघन्य अपराध को करने वाले आरोपियों की रूह कांप जाए और भविष्य में इस तरीके की कोई घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

# एरिया ट्रीटमेंट से फरीपान में आधा मीटर बढ़ गया जल स्तर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान सांगोबांध और राजस्व गांव विश्रामपुर में वर्षाजल संरक्षण कर ग्रामीण जीवन स्तर में वृध्दि करने का प्रयास रंग लाने लगा है बनवासी आश्रम नाबार्ड लखनऊ के सहयोग से तीन गांवों में सघन रूप से पिछले चार वर्ष से वाटरशेड का कार्य कर रहा है। जनपद के छत्तीसगढ़ सीमा से लगे सांगोबांधा, फरीपान व विश्रामपुर गांव के लगभग 1200 हेक्टयर भूमि का एरिया ट्रीटमेंट–फार्म बण्ड, मार्जिनल बण्ड, एलबीएस, ड्रम चेकडेम आदि कर भूजल स्तर बढाने का कार्य किया जा रहा है। पिछले दिनों नाबार्ड लखनऊ के एरिया मैनेजर आनंद वर्धन का एक दिवसीय दौरा कार्य प्रगति जानने की दृष्टि से हुआ। कार्य अवलोकन के दौरान एरिया मैनेजर आनंद वर्धन ने जलछाजन समिति सदस्यों व महिला समूह के सदस्यों को



अधिक से अधिक आजिविका बढाध्ने की बात कही। इस अवसर पर महिला किसानों को किचेन गार्डेन यंत्र व सिंचाई के लिए सोलार स्प्रिंकलर मशीन वितरण किया। कार्यक्रम संयोजक रमेश भाई ने बताया कि इस वर्ष खेती विकास के लिए किसानों को नेडेप, वर्मी खाद व कम्पोस्ट खाद व इमारती व फलदार पौधे किसानों के खेतों में लगवाए गये हैं। उन्होने भूबताया कि एक महिला समूह के सदस्यों को जमुना पारी प्रजाति की 12 बकरियां दिये गये हैं जो अब उनके और 15 बच्चे हो गये हैं। उन्होने बताया कि एरिया ट्रिटमेंट से कुएं का जल 50 से 60 सेमी. बढा है। जिन खेतों में घास भी ठीक से नहीं उगता था उसमें अरहर, ज्वार जैसी फसल लहलहा रहा हैं। गांव के लोगों मे स्वच्छता, शिक्षा के प्रति व खुद निर्णय लेने के प्रति जागरूकता बढ़ी है। गांव अपना निर्णय खुद लेकर अपने गांव का जीपीडीपी तैयार करने के साथ ष्पशु ऐरा प्रथा पर रोक लगाकर ष्गांव की धरती गांव का राज, गांव–गांव में ग्राम स्वराज नारे को भी चरितार्थ कर रहे हैं। इस अवसर पर विमलभाई, सुभाषचन्द्र, विशाल कुमार, प्रेमा देवी, राम–लखन कोरवा, बेचनराम, मीना देवी सहित अनेक महिला समूह व जलछाजन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

**■ रंग ला रहा है नाबार्ड के जल संरक्षण योजना में ग्रामीणों की भागीदारी**

**■ खेतों में आई हरियाली तो, सुख ग्रस्त गांव में आने लगी खुशहाली**

# अपहरण को लेकर अनषन दूसरे दिन भी जारी

जौनपुर । रविंद्र नाथ पाठक उम्र 66 वर्ष अपहरण मामले का खुलासा आज 25 वें दिन भी नहीं हो सका । समाजसेवी जज सिंह अन्ना जिला मुख्यालय पर दूसरे दिन भी आमरण अनशन पर बैठे हैं । अन्ना ने कहा कि जब तक रविंद्र नाथ पाठक के अपहरण का मामला पुलिस पूर्ण रूप से खुलासा नहीं करती और पाठक को जीवित उनके परिजनों को नहीं सौपा जाता हैं तब तक अनिश्चितकालीन आमरण जारी रहेगा। रविंद्र नाथ पाठक अपने पैतृक निवास स्थान कटवार बाजार रेलवे हाल्ट स्टेशन और जरौना के बीच रेल लाइन किनारे गोपालपुर गांव स्थित है जो थाना बरसठी में पड़ता है अकेले अपने घर में सुसज्जित मकान में रहते थे खुद रोटी बनाते थे लेकिन 29 अक्टूबर की आधी रात को अपहरणकर्ता आए और उनके घर से कीमती सामान कागजात और रविंद्र नाथ पाठक का अपहरण करते हुए घर से लेकर चले गए । क्षेत्र में भय का माहौल है महिलाएं रो–रोकर तड़प रही हैं ग्रामीण लोग जहर खाने को तैयार हैं लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन ने गंभीर रूप से इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया है ।

# अरवल पुलिस अवैध शराब कारोबारियों पर मेहरबान

हरपालपुर,हरदोई ।अरवल थाना पुलिस ने अधीक्षक के निर्देश पर कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर 6 व्यक्तियों के पास से 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जब शराब माफियाओं पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों का आदेश आता है तो अरवल पुलिस शराब माफियाओं पर खानापूर्ति ताकि कार्यवाही करके उन्हें छोड़ देती है ।अरवल थाना क्षेत्र के बेहटालाखी गांव निवासी राकेश पुत्र रामस्वरूप,कमल किशोर पुत्र नरपति, बेड़ीजोर गांव निवासी धन देवी पत्नी धनीराम चंद्रमपुर गांव निवासी बादशाह पुत्र जीवन, हरीश चंद्र पुत्र जीवन, सरबजीत पुत्र इतवारी के पास से पुलिस ने 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। अरवल थानाध्यक्ष छोटे लाल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## यूपी के निकाय चुनाव में भी बनने जा रही भाजपा की सरकार

रुद्रपुर। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास का फार्मूला लागू कर प्रदेश में रहने वाले हर तबके के नागरिकों का उत्थान कर रही है। यूपी के निकाय चुनाव में जनता भाजपा को बहुमत देकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। यें बातें अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहीं। वह मदनपुर में किसान प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नव सृजित नगर पंचायत मदनपुर पहुंचे पर उनका स्वागत हुआ। मठिया में भाजपा नेता योगेश त्रिपाठी के नेतृत्व में राज्यमंत्री को फूल–मालाओं से लाद दिया गया।

## कार्यकर्ता संगठन के आधार स्तंभ : डॉ. अंतर्यामी सिंह

भाटपाररानी। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अंतर्यामी सिंह की अध्यक्षता मेंभाटपाररानी के सेंट जेवियर्स स्कूल में नगर पंचायत चुनाव संयोजक, चुनाव प्रभारी तथा मंडल अध्यक्ष की बैठक हुई। इसमें नगर निकाय चुनाव की रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष ने संगठन के निर्देशित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि माइक्रो मैनेजमेंट ही भाजपा की जीत का आधार है। इस दौरान चुनाव प्रभारी कुंजबिहारी सिंह व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, सुरेश तिवारी, जितेंद्र जायसवाल, संजय जायसवाल, सुशील शाही आदि मौजूद रहे। संवाद

## भाजपा ने की नगर निकाय चुनाव के वार्ड प्रभारियों की घोषणा

भाटपाररानी। भाजपा नगर पंचायत चुनाव के भाटपाररानी नगर संयोजक आनंद पीयूष उपाध्याय ने जिलाध्यक्ष डॉ. अंतर्यामी सिंह की सहमति मिलने के बाद निकाय चुनाव के वार्ड प्रभारियों की घोषणा की। इसमें वार्ड नंबर एक लखना उर्फ डोमडीह में अनिल शाही, वार्ड नंबर दो हनुमानगढ़ी में संजय पटेल, वार्ड नंबर तीन जलकल कॉलोनी में सुरेंद्र सिंह, वार्ड नंबर चार चिकटोली में शम्स परवेज, वार्ड नंबर पांच रामपुर लिहा में हर्षवर्धन पांडेय, वार्ड नंबर छह पोखरा पार में उमेश शाही, वार्ड नंबर सात आर्य चौक में अशोक तिवारी, वार्ड नंबर आठ सोहनपार में अजय पांडेय, वार्ड नंबर नौ दुर्गा मंदिर में नीरज जायसवाल, वार्ड नंबर दस शिव मंदिर में सत्येंद्र पांडेय, वार्ड नंबर 11 गुदरी बाजार में डॉ. पवन राय तथा वार्ड नंबर 12 मालवीय नगर में प्रेम सागर वर्मा को वार्ड प्रभारी बनाया गया है।

## मलेरिया विभाग की टीम ने कराया छिड़काव

देवरिया। डेंगू को लेकर मलेरिया विभाग गंभीर है। मरीजों की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही सोर्स रिडेक्शन करने के साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उमानगर मोहल्ला व नगर पालिका रोड के आसपास सहित अन्य स्थानों पर छह डेंगू के मरीज मिले हैं। इसकी सूचना मिलने पर मलेरिया विभाग की टीम में शामिल एसएमआई नवीन प्रकाश भारती, फाइलेरिया इंस्पेक्टर दीपक सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर संजय यादव, राकेश सिंह, विवेक सिंह, फील्ड वर्कर संजय सिंह, रामप्रसाद यादव, भरत शहर के उमानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप, नगर पालिका रोड, रौनियारी मोहल्ला, आदर्श नगर सहित अन्य स्थानों पर पहुंचे। टीम के सदस्यों ने सर्वे किया और सोर्स रिडेक्शन किया। साथ ही एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया।

## खाद्य बिभाग की टीम ने की छापेमारी

कौशाम्बी ।सहायक आयुक्त(खाद्य) शशि शेखर एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय ने पुलिस बल थाना–मंझनपुर के साथ धाता रा`ड मंझनपुर स्थित नमकीन निर्माता कम्पनी मेसर्स अनमोल ट्रेडर्स पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा छापामारी कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान मौके पर निर्माता दीपचन्द्र केशरवानी पुत्र कामता प्रसाद मौजूद था। इस फर्म द्वारा सोनाली नमकीन तथा बीके नमकीन के नाम से नमकीन निर्माण कर पैक की जा रही थी।मौके से नमकीन और पामोलीन तेल का नमूना संग्रहित कर जॉच हेतु प्रेषित किया गया। निर्माता दीपचन्द्र ने बताया कि पामोलीन तेल की खरीद प्रयागराज से की गयी है। जिसका बिल उसके पास मौजूद नही था। खरीद बिल न होने के कारण प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। इसलिए मौके पर मौजूद 560 ली0 पामोलीन तेल कीमत लगभग रु0 56000ध– सीज किया गया। निर्माण स्थल पर साफ–सफाई की व्यवस्था मानक के अनुरुप नही थी। कार्यरत कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता संतोष जनक नही थी। इस हेतु फर्म को चेतावनी दी गयी। टीम में भरत कुमार मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नितिन कुमार, आदि मौजूद रहे।

## गंगा में डूब रही बहनों को बचाया

कौशाम्बी। कडा धाम के कुबरी घाट में स्नान कर रही दो सगी बहनों ने एक दूसरे को बचाने के चक्कर में डूबने लगी द्य जिन्हें घाट पर मौजूद समाज सेवी ने सुरक्षित निकाला सुबह जगदीश पुर हडिया तहसील प्रयागराज से शिव कुमार यादव अपने परिवार के साथ शक्ति पीठ कडा धाम दर्शन करने के लिये आये थे द्य गंगा स्नान करने के लिए कडा धाम के कुबरी घाट गये थेद्य गंगा स्नान करने के दौरान खुशी (15) पुत्री शिवकुमार यादव पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगी द्य बड़ी बहन को डुबता देख छोटी बहन ज्योति (12) ने बहन को बचाने के लिए गंगा नदी में कूद गयी और दोनों डुबने लगी मौके पर मौजूद स्नान कर रहे लोगों ने सोर मचाया तो गंगा घाट पर मौजूद लोगो ने गंगा नदी में कूद कर दोनों सगी बहनों को सुरक्षित पानी से बाहर निकल लिया ।यादव परिवार ने दोनों बच्चों को सुरक्षित देख गंगा गोमती अध्यक्ष का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव ,नहीं हुई शिनाख्त

कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सिराथू स्टेशन के नजदीक पावर हाउस के पास अज्ञात युवक का क्षत–विक्षत शव पड़ा मिला लोगों ने देखा तो मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। दोपहर सिराथू रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर पावर हाउस के नजदीक एक 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पहुंचे चौकी प्रभारी चंदन सिंह ने घटनास्थल का मुआयना कर शव की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। चौकी प्रभारी ने बताया युवक की उम्र 30 वर्ष के करीब है उसने गुलाबी रंग की टीशर्ट व काले रंग की जींस की पैंट पहन रखी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# खाद ब्रिकी की रसीद अवश्य दें : डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने . पीसीएफ केंद्र परसिया मिश्र में उर्वरक बिक्री की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। सप्लाई चेन मैनेजमेंट बेहतर किया जाए। ताकि जनपद के सभी उर्वरक केंद्रों पर मांग के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी पीसीएफ के उर्वरक विक्रय केंद्र परसिया मिश्र पहुंचे। उन्होंने डीएपी खरीद रहे किसानों से संवाद किया। क्रय केंद्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। किसानों को विक्रय की रसीद अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय तक विक्रय केंद्र से 11.25 मीट्रिक टन डीएपी, 2.35 मीट्रिक टन एनपीएस तथा 3.465 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया का विक्रय किया जा चुका था।

जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि विकेश कुमार पटेल को उर्वरक का सप्लाई चेन मैनेजमेंट प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रबी बुआई सत्र 2022–23 के तहत जनपद में अभी तक 11,351 मीट्रिक टन फॉस्फोटिक उर्वरक तथा 4,906 मीट्रिक टन यूरिया का विक्रय हो चुका है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जनपद में सहकारी क्षेत्र के 96 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर 297 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक एवं निजी क्षेत्र के 539 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर 2740 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक वितरण के लिए उपलब्ध है। 24 नवंबर को इफको डीएपी, एनपीके की एक रैक जनपद को प्राप्त हो रही है।

कहा कि किसानों को उचित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक प्राप्त हो तथा कालाबाजारी, ओवररेटिंग आदि न हो। इसके लिए निजी व सहकारी क्षेत्र के प्रत्येक उर्वरक विक्रय केंद्रों पर कर्मचारियों की तैनाती कर सतत निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान उप निदेशक कृषि विकेश कुमार पटेल, एआर कोऑपरेटिव अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने तीन अधिकारियों का वेतन किया बाधित

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आईजीआरएस संदर्भों का निस्तारण समय से न करने की वजह से डिफॉल्टर श्रेणी में आने पर एडीओ पंचायत रुद्रपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भाटपाररानी तथा पूर्ति निरीक्षक सलेमपुर का माह नवंबर का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, ऑनलाइन संदर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पीजी पोर्टल भारत सरकार एवं संपूर्ण समाधान दिवस तथा जिलाधिकारी जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में समय से निस्तारित न करने पर डिफॉल्टर श्रेणी में आ गए हैं। इसके चलते जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। आईजीआरएस संदर्भों के समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में शासन निर्देश दिए गए हैं।

एडीओ पंचायत रुद्रपुर का डिफॉल्टर संदर्भ एक, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भाटपाररानी का डिफॉल्टर संदर्भ एक तथा पूर्ति निरीक्षक सलेमपुर का डिफॉल्टर संदर्भ एक प्राप्त होने पर इन अधिकारियों का माह नवंबर का वेतन अग्रिम आदेश तक के लिए रोक दिया गया है।

## सलेमपुर क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल, लगेंगे नलकूप

सलेमपुर। सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सड़कें व नलकूप बनाए जाएंगे। ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसकी जानकारी राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि सलेमपुर ब्लॉक के मधवापुर, मुसैला, भठवा पांडेय, सहला, लार ब्लॉक के कुंडौली, धंधवार, अजना, दोगारी मिश्र के दोगारी राजमल, रोपन छपरा, बलुआ गौरी, खेमादेई, भागलपुर ब्लॉक के कुंडावल हरि, ग्राम पंचायत धनौती लाला के टोला निपनिया में नलकूप लगाया जाएगा।

राज्यमंत्री ने बताया कि सलेमपुर ब्लॉक के परसिया तारा में स्व. दीनानाथ मिश्र के घर से दक्षिण तरफ सरकारी अस्पताल होते हुए राघव मिश्र के घर तक लगभग एक किमी, ग्राम पंचायत खखड़ी में रामकेवल चौहान के घर से सलेमपुर–मगहरा पिच मार्ग तक लगभग 800 मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत चांदपलिया चौराहे से पंचायत भवन तक लगभग 300 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत तिलौली सुदर्शन धोबी के घर से जयराम के घोठा तक लगभग 300 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं, लार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंडौली में बृजेश सिंह के घर से मदरसा होते हुए मुख्य सड़क तक लगभग 300 मीटर सीसी निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत बभनौली पांडेय (खरदहा) में जय नरायन भारती के घर से प्राथमिक विद्यालय तक लगभग 600 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत तकिया धरहरा में जंगबहादुर के खेत के बगल से एमटीडी जूनियर हाईस्कूल होते हुए नेमा तकिया संपर्क खड़ंजा लगभग 450 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत जमसड़ा में अजय कुशवाहा के घर से सुदामा कुशवाहा के घर तक लगभग 200 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत धमौली कामावीर मार्ग से हरिजन बस्ती तक लगभग 200 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। जबकि भागलपुर ब्लॉक में ग्राम पंचायत बरठा सलेमपुर पिच मार्ग से कबीर पंथी मठ बरठा लाला विद्यालय तक लगभग 200 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा।

इसके अलावा लार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेमादेई, डुमरी, धरहरा, मेहरौनाघाट व सलेमपुर के औरंगाबाद व डोलछपरा में अंत्येष्टि स्थल बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राज्यमंत्री के इस प्रस्ताव पर मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल, अवधेश यादव, वीरेंद्र कुशवाहा, अजय दुबे वत्स, अमरनाथ सिंह, अशोक तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव का विकास होगा।

## नवनिर्मित थाना रविन्द्रनगर का सांसद व विधायक ने किया उद्घाटन

कुशीनगर। सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे एवं विधायक पडरौना मनीष जायसवाल द्वारा नवनिर्मित थाना रविन्द्रनगर धूस का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की मौजूदगी में किया गया। उदघाट्न के पश्चात उपस्थित गणमान्य एवं पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस नवनिर्मित थाने पर नवनियुक्त पुलिसकर्मियों के लिए तीन काम सबसे महत्वपूर्ण है। जिसमें प्रथम यह है कि समाज को अपराध मुक्त बनाया जाय, दूसरा काम है कि यदि कोई अपराध घटित हो जाय तो उसका त्वरित अनावरण होना चाहिए, तीसरा काम अपराध करने वाले को सजा दिलाना। उन्होंने कहा कि जनता को पुलिस से बड़ी अपेक्षाएं होती है। जिसमें पुलिस को कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन करना बेहतर पुलिसिंग की पहचान है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यो के पालन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आप लोग समाज के हर अंग के साथ मिलकर काम करे लोगों के बीच से पुलिस का डर को दूर करे। उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण वाटिका पर विचार व्यक्त किया। क्षेत्राधिकारी सदर कुन्दन सिंह के संचालन में नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कसया पियूसकान्त राय सहित अन्य अधिकारीध कर्मचारी, थाना क्षेत्र में पड़ने वाले समस्त ग्रामसभा के ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डबल इंजन की सरकार विकास का बना रही कीर्तिमान : मो. दानिश

### नई नगर पंचायत मदनपुर में आयोजित हुआ किसान प्रतिनिधि सम्मेलन

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा ने . रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर में किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया। इसका शुभारंभ पंडित दीनदयाल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री मोहम्मद दानिश आजाद अंसारी रहे।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार किसानों के साथ है। सरकार ने अभी तक 86 लाख लघु और सीमांत किसानों के फसली ऋण को माफ करने के साथ प्रदेश में 2017 से 2022 तक एक लाख 72 हजार 745 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान करके कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के हित में भी कई योजनाएं चला रही हैं। इसमें उर्दू शिक्षण के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के साथ मदरसों का आधुनिकीकरण कर रही है। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री विधायक जय प्रकाश निषाद, भाजपा जिला प्रभारी सुनील गुप्ता, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र, जिला मंत्री भगवान यादव, मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश सिंह, निकाय प्रभारी मदनपुर अखंड प्रताप सिंह, नसीरुद्दीन, काशीपति शुक्ल, दिनेश पांडेय, गिरीश नारायण सिंह, दिनेश तिवारी ने संबोधित किया। संचालन ऋषि सिंह ने किया। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय, रानू सिंह, सगीर शेख, सदानंद सिंह, विकास राव, अमरेंद्र सिंह, योगेश त्रिपाठी, रामजन्म राजभर, गोलू यादव, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## जुर्माना मंजूर, यातायात नियम नहीं मानेंगे हुजूर

कुशीनगर (आरएनएस)। जिले में यातायात माह बेअसर नजर आ रहा है। यातायात पुलिस की चेकिंग और जागरूकता अभियान के बावजूद लोग नियमों को तोड़ रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को जुर्माना मंजूर है, लेकिन यातायात नियम का पालन करना मंजूर नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी है। चेकिंग के दौरान चालान काटकर कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि जिले में एक नवंबर को यातायात माह की शुरुआत हुई है। इसमें यातायात पुलिस और थानों पर तैनात पुलिसकर्मी जगह–जगह यातायात जागरूकता शिविर लगा रहे हैं। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, अपनी लेन में चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए ई रिक्शा और टेंपो चालकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। बावजूद इसके कहीं पर भी यातायात माह को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही है। कोरम पूरा करने के लिए कभी–कभी चेकिंग अभियान चलाकर पुलिस चालान काटने और जुर्माना वसूलने की कार्रवाई कर रही है। यातायात माह में 10 नवंबर तक पुलिस कुल 518 वाहन चालकों का चालान करते हुए 14 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना लगा चुकी है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर ये है जुर्माना: तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने पर – 25 सौ रुपये बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर – एक हजार रुपये तीन सवारी बाइक चलाने पर – एक हजार रुपये बाइक चलाते हुए मोबाइल पर बात करना– एक हजार रुपये गलत साइड में वाहन चलाना– पांच सौ रुपये। इस संबंध मेंध पूछे जाने पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि यातायात माह के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने की अपील की जा रही है। इसके साथ चेकिंग करके पुलिस चालान भी काट रही है।

## जिले में बढ़ रहा डेंगू, दो संदिग्ध मरीज मिले

देवरिया। डेंगू बढ़ रहा है। हर रोज मरीज मिल रहे हैं। डेंगू के दो संदिग्ध मरीज मिले हैं। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है।

जांच के लिए ब्लड का सैंपल भेजे गए हैं। दो लोगों के स्वस्थ होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई। इस समय अस्पताल में डेंगू के दो मरीजों का उपचार चल रहा है। शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक की घर के समीप स्पोर्ट्स की दुकान है। युवक पांच दिन पहले बुखार से पीड़ित हो गया। उसने प्राइवेट में दवा ली, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद उसे लेकर परिजन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के ओपीडी में पहुंचे। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने जांच कराई। रिपोर्ट आने के बाद प्लेटलेट्स कम मिलने पर उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। वहीं, विकास खंड पथरदेवा क्षेत्र का एक युवक दो माह पहले काम करने के लिए कानपुर गया। वहां से वह काम के सिलसिले में करीब दस अक्तूबर को दिल्ली गया। वहां कुछ दिन रहने के बाद बुखार, शरीर व सिर दर्द से पीड़ित हो गया। उसने दवा ली, लेकिन आराम नहीं मिला। चार दिन पहले वह गांव आ गया, यहां भी प्राइवेट में दवा ली पर राहत नहीं मिली। परिजन शाम उसे लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। लक्षण के आधार पर डेंगू वार्ड में भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया गया। बुधवार को 33 सैंपल की जांच हुई। इसमें 28 निगेटिव तथा पांच संदिग्ध मिले। उसे डेंगू की पुष्टि के लिए एलाइजा जांच की जा रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए लिए इंतजाम किए गए हैं। एमसीएच विंग में बीस बेड का वार्ड बनाया गया है। यहां चिकित्सक व स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई गई है। दवा व जांच की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

## एसपी को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर लगाया न्याय की गुहार

कुशीनगर । जनपद के कसया थाना क्षेत्र के दुर्गवलिया टोला बरवा पट्टी निवासी अली हुसैन ने अपने बड़े भाई पर झूठे तहरीर के माध्यम से बार–बार प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए पत्रक में पीड़ित अली हुसैन ने लिखा है कि मेरे बड़े भाई पडरौना कोतवाली के अमवा खिरकिया में मकान बनवा कर रहते हैं। उनके द्वारा मेरे विरुद्ध बार–बार झूठी शिकायती पत्र देकर कभी थाना कसया व कभी थाना पडरौना में शिकायत व एफआईआर दर्ज कराकर प्रताड़ित करते रहते हैं।हाल ही में उन्होंने मेरे विरुद्ध थाना कसया में 5 सितंबर को एक फर्जी घटना दिखाकर शिकायत पत्र दिए तो पुलिस ने घटना की जांच की जिसमें मामला फर्जी निकला तो वह पुनः न्यायालय द्वारा शिकायती पत्र देकर शिकायत दर्ज कराएं हैं।ठीक उसके बाद अब पडरौना कोतवाली में मेरी अनपढ़ माता का सहारा लेकर एक और फर्जी एफआईआर 22 नवंबर को दर्ज करा गया है।जिससे मैं मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहा हूं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की वास्तविकता जांच कराते हुए अपने ऊपर दर्ज एफआईआर को निरस्त कराने की मांग की है।

## रिश्वत मांगने वाला सिपाही निलंबित, मुकदमा दर्ज

### सिपाही द्वारा रिश्वत मांगने का ऑडियो हुआ था

कुशीनगर (आरएनएस)। रिश्वत के तौर पर दस हजार रुपये मांगने का ऑडियो वायरल होने पर एसपी ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज कराकर सीओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। सिपाही जिले के पटहेरवा थाने पर तैनात है। जानकारी के अनुसार बीते 17 नवंबर को पटहेरिया गांव में मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में वाहनों की टक्कर के बाद जमकर मारपीट हुई थी। इसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि हल्का सिपाही विजय यादव व हल्का दरोगा कार्रवाई करने के बजाय, सुलह की बात दोनों पक्षों से करने लगे। अगले दिन एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को पकड़कर गंभीर रूप से पीट दिया। पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत हुआ। आरोप है कि 20 नवंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बिचौलियों के माध्यम से सिपाही व हल्का दरोगा मोलभाव करने लगे। उसी मोलभाव को आरोपी के नाबालिक बेटे ने रिकॉर्ड कर लिया। ऑडियो में सिपाही किशोर से 10 हजार रुपये की मांग करते हुए सुना जा रहा है। उसका कहना था कि हल्का दरोगा का भी शेयर उसी में है। किशोर से उसके पिता को शांतिभंग के अंदेशा में जेल भेजकर मामला शांत करने की बात करता सुना गया। इसी ऑडियो को किशोर के एक रिश्तेदार ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस अधीक्षक के ट्वीट पर टैग करके पोस्ट कर दिया। इंटरनेट मीडिया पर ऑडियो वायरल होने के बाद सिपाही विजय यादव को निलंबित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मुकदमा भी दर्ज कराया है। इस संबंध पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि पटहेरवा थाने में तैनात सिपाही का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें लेनदेन की बात सामने आई है। इसी प्रकरण में सिपाही को निलंबित कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निकाय चुनाव मे केजरीवाल के काम को जनता चुनेगी-सभाजीत सिंह





दैनिक बुद्ध का संदेश

रामनगर/बाराबंकी। 24 नवंबर 20 से 30 नवंबर तक 11 दिवसीय आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत हो चुकी है. प्रदेश भर में कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में बाराबंकी की नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों स्थानीय लोग शामिल हुए और आप नेताओं ने जनता से निकाय चुनाव में आप को वोट देने की अपील की। आज बाराबंकी की रामनगर नगर पंचायत में नगर निकाय कार्यकर्ता सम्मेलन में बडी संख्या में मौजूद लोगों से संवाद किया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मबीर सिंह ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निकाय चुनाव संचालन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि जनता इस बार झूठ–गुंडागर्दी की राजनीति का सफाया कर, निकाय चुनाव मे केजरीवाल के काम की राजनीति को चुनेगी. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया है जिसकी आज दुनियाभर में चर्चा हो रही है निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी हर सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य नगर निगम नगर पालिका और नगर पंचायत में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है। आप जिला अध्यक्ष धर्मबीर सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों का चयन ट्रिपल सी के आधार पर कर रही है और यह पार्टी की विश्वसनीयता ही है जिस कारण आवेदन फॉर्म लेने के लिए सैकड़ों लोग कार्यालय आकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म की डिमांड बढ़ चुकी है लेकिन पार्टी सिद्धांतों के अनुसार हम प्रत्याशियों का आकलन ट्रिपल सी के आधार पर कर रहे हैं. हम आवेदक द्वारा जमा किए गए कागजात का पूर्ण रूप से जांच करवा कर ही कोई निर्णय लेते हैं. उन्होंने बताया कि जनता में आम आदमी पार्टी के आवेदन फॉर्म के लिए भारी उत्साह है जो दर्शाता है लोग केजरीवाल मॉडल को पसन्द कर रहे हैं .उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की लापरवाही के चलते आज जगह–जगह गंदगी का जमावड़ा है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां पनप रही है. सफाई की स्थिति बेहद खराब है। जिला निकाय चुनाव प्रभारी नूर सिद्दीकी ने कहा कि आम आदमी पार्टी अच्छी उम्मीदवारों को टिकट देगी साफ छवि के व्यक्ति को पार्टी अपना उम्मीदवार बनाएगी और मजबूती स लड़ेगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से जुगराज सिंह, प्रदीप वर्मा, आकाश, मुन्ना रावत, विजय यादव, राम भवन पंकज वर्मा, ब्रजेंद्र सहित सैंकड़ों साथी मौजूद रहे।

- **आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी-सभाजीत सिंह**
- **आप कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में जुटे लोग, आवेदन फार्मो की बढ़ी डिमांड-जिला अध्यक्ष, धर्मबीर सिंह**
- **साफ छवि के लोगों को उम्मीदवार बनाया जाएगारू नूर सिद्दीकी जिला निकाय चुनाव प्रभारी**

## उचित दर विक्रेताओं की राशन दुकानों का किया गया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी के निर्देश पर राशन वितरण, उचित दर विक्रेताओं की आधारभूत संरचना,राशन की दुकानों की आर्थिक व्यवहार्यता, शिकायत निवारण तन्त्र एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे अग्रेतर सुधारों की सम्भावनाओं की टोह लेनें हेतु आज



24 नवम्बर को आलापुर–अनवार अहमद,कुरैली–दिनेश कुमार तथा नवाबगंज नगरपालिका परिषद मे इन्दु प्रकाश निगम, अजय गुप्ता एवं राकेश कुमार अवस्थी की दुकानों पर जाकर जांच की गयी। जांच मे एक तरफ उपरोक्त निर्दिष्ट बिन्दुओ के अतिरिक्त कार्डधारकों से वितरण,मूल्य एवं मात्रा के विषय मे जानकारी प्राप्त की गयी तो दूसरी तरफ उचित दर विक्रेताओं से उनकी कठिनाईयों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण के दरम्यान श्एक राष्ट्र–एक राशन का ई–पॉस मशीन में क्रियान्वयन को भी परखा गया तथा उसमे सुधार की सम्भावनाओं की भी तलाश की गयी। पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण, वितरण हेतु प्रस्तावित फोर्टिफाईड चावल भंडारण के सम्बन्ध मे कोटेदारों को सम्यक प्रशिक्षण देनें हेतु मौके पर उपस्थित जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। जांच के समय जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी एवं पूर्ति निरीक्षक सदर गरिमा वर्मा एवं इमरान मंजूर अपरजिलाधिकारी के साथ उपस्थित रहें।

## भाजपा सरकार का दावा हवा हवाईः तनुज पुनिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। प्रदेश में खाद की कमी नही है भाजपा सरकार का यह दावा हवा हवाई है एक बोरी डीएपी खाद के लिये किसान सहकारी समितियो, इफ्को, कृभको के केन्द्रो पर भूखा प्यासा सुबह से लाइन लगा रहा है लेकिन उसे खाद नही नसीब हो रही है अधिकतर साधन सहकारी समितियो में ताले पडे है। प्रदेश की महामहिम राज्यपाल महोदया खाद की इस गम्भीर समस्या को तत्काल संज्ञान में ले और प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि प्रदेश के किसान को रबी की फसल की बुआई के लिये पर्याप्त मात्रा में खादध्उर्वरक उपलब्ध हो।उक्त उदगगार उत्तर प्रदेश मध्यजोन के कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया व कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने रबी की फसल की



बुआई के लिये खादध्उर्वरक, डीएपी की कमी से किसानो की परेशानी को दूर करने के लिये जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को कांग्रेसजनो के साथ ज्ञापन प्रेषित करने के पूर्व जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने कांग्रेसजनो के बीच व्यक्त किये। तदोपरान्त अपर जिलाधिकारी को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये महामहिम को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया। अपर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम को प्रेषित ज्ञापन में कांग्रेसजनो ने दर्शाया है कि प्रदेश में किसानो को रबी की फसल की बुआई के लिये डीएपी खाद की आवश्यकता है लेकिन उन्हे खाद उपलब्धा नही हो पा रही है। इस वर्ष हुयी असामान्य बारिश के कारण प्रदेश का किसान पहले से ही आर्थिक कठिनाइयो से जूझ रहा है ओर सदि समय रहते किसानो को खाद डीएपी उपलब्ध नही करायी गयी तो किसानो की फसल कमजोर होगी जिसके कारण उन्हे भारी नुकसान होगा और साल में दो फसलो के नुकसान से होने वाला आर्थिक संकट किसान बर्दाशत नही कर पायेगा। केन्द्रीय उवर्रक मंत्रालय द्वारा बार–बार दावा किया जा रहा है कि रबी की फसल के लिये खादध्उवर्रक की कोई कमी नही है लेकिन हकीकत यह है कि 1 बोरी डीएपी खाद के लिये किसान सुबह से शाम लाइन लगाकर बिना खाद घर वापस जाने को मजबूर है। सरकारी अधिकारी समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दे रहे है ऐसी विषम परिस्थिति में कांग्रेसजनो ने प्रदेश की महामहिम से तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। प्रदेश महामहिम को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को प्रेषित करने वालो में मुख्यरूप से तनुज पुनिया, मो0 मोहसिन, सरजू शर्मा, गौरी रावत, इरफान कुरैशी, शबनम वारिस, रामहरख रावत, रमन लाल द्विवेदी, रामनुज यादव, अजीत वर्मा, प्रदीप मौर्या, मो0 इजहार सिद्दीकी, अम्बरीश रावत, फरीद अहमद, अखलेश वर्मा, संजीव मिश्रा, मुईनद्दीन अंसारी, सै0 अरशद अहमद, दिलीप रावत, श्रीकान्त मिश्रा, समर सिंह सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जामवंती पाडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

### महुआंव पांडेय स्थित क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु कई टीमों ने लिया प्रवेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के घोरावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआंव पांडेय निवासी वरिष्ठ नागरिक जनार्दन प्रसाद पांडेय की स्मृति शेष धर्मपत्नी जामवंती पांडेय की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार, 25नवंबर को महुआंव पांडेय स्थित क्रिकेट मैदान में किया जाएगा। यह जानकारी जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी राम अनुज धर द्विवेदी ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया है कि एक पखवारे तक चलने वाले इस क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों की कई टीमें प्रतिभाग करेंगी। पहले दिन खेले जाने वाले उद्घाटन मैच का शुभारंभ जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष चंद्र शेखर पांडेय द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया जाएगा। प्रतियोगिता आयोजित करने वाली संस्थान द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से खेल सामग्री आदि प्रदान की जाएगी। मीडिया प्रभारी की माने तो फाइनल मैच में मैन आफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज की ख्याति अर्जित करने वाले खिलाड़ी को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मैच में प्रतिभाग करने वाली टीम को प्रवेश शुल्क के नाम पर 11 सौ रुपए जमा करना होगा जबकि विजेता को 15000 और उपविजेता का 10000 का पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है।

## ग्रीन सोन–क्लीन सोन के संकल्प को लेकर सोन संकल्प दौड़ हुई सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ग्रीन सोन, क्लीन सोन व हिट इंडिया फिट इंडिया



के संकल्प को लेकर निःशुल्क दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ,जिसमे सैकड़ो बालक व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया इस संकल्प को सफल बनाने के लिए व समाज मे एक संदेश देने के लिए दौड़ लगायी गयी। सर्वप्रथम शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर दीप जलाकर प्रवेश विभाग प्रचारक (रा0 एस0एस0) ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ततपश्चात उपजिलाधिकारी रावर्ट्सगंज रमेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। धावकों पर जगह जगह पर पुष्पवर्षा कर उनको प्रोत्साहित भी किया गया। इस दौरान नगर के लोगो मे और बालक बालिकाओं में गजब का जोश व उमंग काफी उत्साह देखा गया। बालको में बाबू लाल यादव ने प्रथम, सुदर्शन यादव ने द्वितीय व अनुज यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, व बालिकाओं में नंदनी ने प्रथम, खुश्बू ने द्वितीय व वंदना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था की तरफ से सभी प्रतिभागी बालिकाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 गोपाल सिंह ने किया। इस मौके पर लायन्स क्लब के अध्यक्ष अजीत जायसवाल, संदीप चंदेल, देवेंद्र पटेल, राजेश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी, कृष्ण मुरारी गुप्ता, पुष्पा सिंह, शीतल दहलान, साधना सारंग, वर्षा वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के आयोजक क्रांति सिंह, अभिषेक मिश्रा, वकील खान, देवानंद पाठक राजाराम दूबे कार्यक्रम को सफल रवि मौर्य, राकेश चौधरी बनाने में बलराम कृष्ण यादव, मनोज सर, सी बी पांडेय, संजय, पुण्डरीक पांडेय, शिवम अग्रवाल ,देवेंद्र गंगवार, बृजेश श्रीवास्तव की भूमिका अहम रही। अंत मे शहीदे आजम भगत सिंह जन चेतना संस्थान के अध्यक्ष क्रांति सिंह व संयोजक अभिषेक मिश्रा ने सभी का हृदय से आभार प्रकट किया।

## किशोरी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को सड़क दुर्घटना में किशोरी की मौत हो गई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र के भरूहा माइनर पर भरुहा गांव निवासिनी की गुरुवार को सुबह लगभग सात बजे सन्ध्या मौर्य उम्र लगभग (20) वर्ष पुत्री सुरजन मौर्य जीएनएम (नर्सिंग)की पढ़ाई करने के लिए रावर्ट्सगंज सांई हॉस्पिटल में प्रतिदिन की भांति घर से सड़क पर गाड़ी पकड़ने के लिए जा रही थी कि अचानक मिर्जापुर से रावर्ट्सगंज की ओर तेज गति से आ रही रोडवेज की चपेट में आ गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसमें बाए तरफ का पैर बुरी तरह से कई जगह से चुर्ण हो गया था। आनन–फानन में परिवार निजी साधान से जिला अस्पताल के लिए ले गए जहां उपचार के दौरान पूजा की मौत हो गयी पीएम के लिए शव को मर्चरीहाउस में रख दिया गया है सूचना पाकर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है घटना से परिवारजनों में कोहराम मच गया है। पिता सुर्जन ने बताया कि बच्ची हर दिन उसी बस से स्कूल जाया करती थी। बस वाला रोकने के बजाय गाड़ी से बच्ची को ठोकर मार कर कुछ दूर तक घसीट कर रोका।

## अवैध कब्जा हटाने के लिये प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चोपन आर्य समाज एवं आर्य शिशु मंदिर स्कूल पर अवैधा कब्जे के मामले में आर्य समाज की प्रांतीय संस्था आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान देवेन्द्र पाल वर्मा ने बड़ी कार्यवाही की है। प्रदेश प्रधान ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, उप जिलाधिकारी ओबरा एवं थानाध्यक्ष चोपन को पत्र लिखकर कहा है कि आर्य समाज चोपन के प्रकाश दास पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर दास ने परिवारी जनों एवं कुछ बाहरी लोगों के साथ मिलकर एक फर्जी एवं अवैध कमेटी बना कर आर्य समाज और आर्य शिशु मंदिर स्कूल पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया है, जिसे समाज हित में अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाना चाहिए। प्रदेश प्रधान ने इस प्रकरण पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए प्रकाश दास सहित तीन लोगों को आर्य समाज से 6 वर्षों हेतु निष्कासित कर बाहर का रास्ता दिखा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश प्रधान का पत्र मिलते ही जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और मामले की प्रशासनिक जांच कराने की ओर उन्मुख हो गई। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान कपिल देव सिंह आर्य ने बताया कि पूर्व पदाधिकारी प्रकाश दास ने अपने परिवारी जनों एवं कुछ अन्य बाहरी लोगों के साथ मिलकर एक फर्जी कमेटी बना कर आर्य समाज एवं आर्य शिशु मंदिर स्कूल पर ही अवैध ढंग से कब्जा कर लिया।उक्त प्रकरण को प्रदेश सभा के प्रधान देवेन्द्र पाल वर्मा ने गंभीरता से लेते हुए इकाई समाज के प्रस्ताव पर आर्य समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने, नियमों सिद्धांतों के विपरीत कार्य करने, जिला सभा एवं प्रदेश सभा के निर्देशोंध्आदेशों की लगातार अवहेलना, अनुशासनहीनता एवं आर्य समाजध्आर्य शिशु मंदिर की संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने के आरोप में प्रकाश दास, कामिनी देवी और धीरज चक्रवर्ती का आर्य समाज चोपन से 6 वर्षों के लिए निष्कासन किया है। साथ ही सोनभद्र के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर उनसे समाज हित में समाज की संपत्तियों को अवैध कब्जे दारों से मुक्त कराने की अपेक्षा की है। वही मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

# सर्दियों में डिहाइड्रेशन से दूर रखने में मदद करेंगे ये 5 पेय, जरूर करें इनका सेवन



सर्दियां आते ही लोग पानी का सेवन करना कम कर देते हैं। उनका मानना होता है कि जितना पानी पीएंगे, उतनी बार कंबल से निकलकर बाथरूम जाना पड़ेगा। हालांकि, ऐसा करना गलत है। आपका यह आलस शरीर को डिहाइड्रेट करके कई समस्याओं से घेर सकता है और इससे त्वचा भी प्रभावित होने लगती है। आइए आज पांच ऐसे पेय के बारे में जानते हैं, जिनका सेवन करके आप खुद को हाइड्रेट और स्वस्थ रख सकते हैं। सूपः सर्दियों में गरमागरम सूप का सेवन ना सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखने समेत गर्माहट का अहसास दिला सकता है, बल्कि इसमें डालने वाली सामग्रियां इसे समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बनाती हैं। यह सर्दियों का एक आरामदायक पेय है और आप इसका सेवन दिन के किसी भी समय पर कर सकते हैं। हालांकि, अगर आपको सूप बनाना नहीं आता है तो आप ये रेसिपी ट्राई कर सकते हैं।

ग्रीन जूस

पालक, एवोकाडो, मौसमी और अमरूद आदि से बनाया जाने वाला ग्रीन जूस न सिर्फ हमारी दैनिक हाइड्रेशन की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है, बल्कि शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान कर सकता है। ग्रीन जूस से मिलने वाला हाइड्रेशन और पोषक तत्वों से आपकी त्वचा का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सकता है। इस आधार पर रोजाना एक गिलास ग्रीन जूस का सेवन जरूर करें।

हर्बल चाय

हर्बल चाय को बनाने के लिए जड़ी–बूटियों, बीजों, फलों या जड़ों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इससे बनाने की तरीका बिल्कुल चाय की तरह होता है। हर्बल चाय में अन्य चायों की तुलना में उच्च एंटी–ऑक्सीडेंट और कैफीन की मात्रा कम होती है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को हाइड्रेट रखने में काफी मदद कर सकते हैं। सर्दियों में कैमोमाइल चाय, गुड़हल की चाय या फिर अदरक की चाय का सेवन करना सबसे अच्छा है।

हल्दी वाला दूध

हल्दी वाले दूध का सेवन आपको ना सिर्फ सर्दियों में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रख सकता है बल्कि शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सहायक हो सकता है। इसके अतिरिक्त यह पेय शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी को ठीक कर सकता है। इसे बनाने के लिए एक गिलास गरम दूध में थोड़ा हल्दी पाउडर मिलाकर उबाल दिलाएं, फिर इसमें चीनी मिलाएं और इस मिश्रण को छानकर गिलास में डालें। अब इस पेय का सेवन करें।

मिंट जिंजर लेमनेड

यह लेमनेड स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका सेवन आप सर्दियों में बार–बार करना पसंद करेंगे। अच्छी बात है कि यह पेय शरीर को हाइड्रेट रखने में भी सक्षम है। इसे बनाने के लिए एक जार में थोड़ा पुदीने का पेस्ट, अदरक का रस और नींबू का रस निचोड़ें। इसके बाद इसमें पानी डालकर इसे अच्छे से मिलाएं। फिर इसमें शुगर सिरप और कुछ पुदीने की पत्तियां डालकर इसका सेवन करें।

## रेड डीपनेक ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिखीं नेहा मलिक, एक्ट्रेस की बोल्डनेस ने यूजर्स को बनाया लट्टू

हॉट एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने सेक्सी लुक्स के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में



एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस नेहा मलिक ने एक बार फिर हॉटनेस का तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी स्टनिंग आउटफिट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उनकी हर तस्वीरों पर फैंस हमेशा अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने किलर लुक्स में हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में अभिनेत्री नेहा मलिक ने रेड कलर की डीप नेक ड्रेस पहन कर बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हॉट ड्रेस पहने हुए सिजलिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। हालांकि इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक जुल्फे सवारती हुई बेहद हसीन लग रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक इन दिनों सोशल मीडिया पर बोल्डनेस से लाइमलाइट बटौर रही हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 3.4 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।




## दिनेश विजन के साथ हॉरर कामेडी फिल्म ला रहे आयुष्मान, सामंथा बन सकती हैं जोड़ीदार



अभिनेता आयुष्मान खुराना लीक से हटकर फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। वह एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उनकी कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। अब उन्होंने दिनेश विजन की एक फिल्म साइन कर ली है। खुद आयुष्मान ने अपनी इस फिल्म के बारे में बातचीत की है और बताया है कि इसके जरिए वह दर्शकों को कॉमेडी का डोज देंगे। फिल्म से जुड़ी और क्या जानकारी सामने आई है, आइए जानते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान और फिल्म निर्माता दिनेश साथ में एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म में आयुष्मान के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु नजर आ सकती हैं और फिल्म का नाम वैम्पायर हो सकता है। आयुष्मान ने कहा, दिनेश विजन और अमर कौशिक एक डरावनी फिल्म बना रहे हैं, जो बहुत ही रोचक और पेचीदा होगी। यह भारतीय दर्शकों के लिए एकदम नई फिल्म होगी। हम जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

रिपोर्टों के मुताबिक, वैम्पायर राजस्थान की एक लोककथा पर आधारित होगी, जिसमें आयुष्मान पिशाच की भूमिका निभाएंगे और सामंथा एक राजकुमारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। एक तो फिल्म में दोनों की जोड़ी पहली बार दर्शकों को देखने को मिलेगी और दूसरा आयुष्मान को पहली बार किसी ऐसी भूमिका में देखना दिलचस्प होगा। दिनेश और अमर कौशिक इससे पहले भी इसी तरह की स्त्री, रूही और भेडिया जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।

2008 में आई फिल्म भूतनाथ ने हॉरर के मायने बदल दिए। इसमें पहली बार भूत को हल्के–फुल्के अंदाज में दिखाया गया था। भूल भुलैया, नानू की जानू, गो गोवा गॉन और गोलमाल अगेन जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को डराने के साथ–साथ हंसाया है।

आयुष्मान को पिछली बार फिल्म डॉक्टर जी में देखा गया, लेकिन उनकी यह फिल्म दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई। आयुष्मान की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह एन एक्शन हीरो को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। यह फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इसके अलावा आयुष्मान फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से जुड़े हैं। इसमें उनके साथ अनन्या पांडे दिखेंगी। यह फिल्म अगले साल 23 जून को दर्शकों के बीच आएगी। आयुष्मान ने अपने इसी इंटरव्यू में कहा, अब मेरा झुकाव मसाला एंटरटेनर फिल्मों की ओर हो रहा है। गंभीर मुद्दों वाली फिल्मों में काम कर मैं उब गया हूं। एन एक्शन हीरो भी मैंने इसलिए साइन की, क्योंकि इसमें कोई सोशल मैसेज नहीं था। मुझे बस अब पॉपकॉर्न एंटरटेनमेंट फिल्में करनी हैं। उन्होंने कहा, मुझे सबकी पसंद का ख्याल रखने के लिए कुछ अलग करना होगा, इसलिए अब मैं कमर्शियल फिल्मों की तरफ झुक रहा हूं।

## ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ रहने की खबरों को किया खारिज

ऋतिक रोशन ने अपनी कथित गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ रहने की सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक रिपोर्ट में



दावा किया गया था कि वॉर स्टार और उनकी पार्टनर सबा जल्द ही एक साथ रहने वाले हैं। यह भी कहा कि वे यहां मन्नत नामक एक इमारत में एक अपार्टमेंट में एक साथ रहने की योजना बना रहे थे। हालांकि, ऋतिक ने ट्विटर पर इस अफवाह का खंडन करने के लिए कहा, इसमें कोई सच्चाई नहीं है।उन्होंने अपने ट्विटर पर समाचार रिपोर्ट साझा की और कहा, एक सार्वजनिक हस्ती के रूप में, मैं समझता हूं कि मैं जिज्ञासा के दायरे में रहूंगा, लेकिन यह सबसे अच्छा है अगर हम गलत सूचनाओं को दूर रखें, खासकर हमारे रिपोर्ताज में, जो एक जिम्मेदारी का काम है। अभिनय के मोर्चे पर, उन्हें हाल ही में विक्रम वेधा में सैफ अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा गया था। वह अगली बार फाइटर में दिखाई देंगे, जिसे दीपिका पादुकोण के साथ भारत की पहली एरियल एक्शन मैग्नम ओपस के रूप में पेश किया जाएगा।

# सर्दियों में बालों की बेहतर देखभाल के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



सर्दियों में गरमागरम चाय पीने के साथ आग के पास बैठना और कंबल ओढना कई लोग पसंद करते हैं, लेकिन जब आप इस मौसम में अच्छा समय बिता रहे होते हैं तो आपके बाल ठंड से प्रभावित हो रहे होते हैं। ऐसे में आप चाहें तो सर्दियों में बालों की सही देखभाल करके इन्हें नाजुक होने, टूटने और बेजान होने से बचा सकते हैं। आइए हम सर्दियों में बालों की बेहतर तरीके से देखभाल के लिए पांच टिप्स बताते हैं। सिर को मॉइस्चराइज रखें: सर्दियों के दौरान हवा में नमी की कमी के कारण स्कैल्प रूखी और खुजलीदार हो सकती है। इन समस्याओं से स्कैल्प को सुरक्षित रखने के लिए इसे मॉइस्चराइज रखना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आप नारियल तेल और जैतून के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये तेल सिर की गहराई में पहुंचकर इसे नमीयुक्त रखने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए हफ्ते में दो–तीन बार सिर की हल्के गरम तेल से कुछ मिनट मालिश करें। लगातार सिर धोने से बचें: बार–बार अपने बालों को शैंपू से धोने से उनका प्राकृतिक तेल निकल जाता है। इससे ये अधिक रूखे होने लगते हैं और बालों से जुड़ी समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे में सिर धोने के समय में थोड़ा अंतर रखें। सर्दियां हो या फिर कोई भी अन्य मौसम, हफ्ते में दो बार से ज्यादा बालों को शैंपू ना करें। बालों का प्राकृतिक नमी संतुलन बनाए रखने के लिए हमेशा सल्फेट मुक्त और हल्के शैंपू का ही उपयोग करें।

हेयर स्टाइलिंग टूल्स से बनाएं दूरी: सर्दियों समेत हर मौसम में कर्लिंग आयरन, स्ट्रेटनिंग आयरन या ब्लो हेयर ड्रायर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम करना चाहिए। ये उपकरण बालों को नाजुक करने के साथ–साथ कई समस्याओं से घेर सकते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल न करें और अगर इस्तेमाल करना जरूरी है तो इससे पहले अपने बालों पर हीट प्रोटेक्टिव स्प्रे लगा लें। यह बालों को इन उपकरणों की हीट से कुछ हद तक बचा सकता है।

डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क करें इस्तेमालः सर्दियों में बालों को तरह–तरह की समस्याओं से सुरक्षित रखने के लिए समय–समय पर डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क का भी इस्तेमाल करते रहें। बेहतर होगा कि आप हफ्ते में एक–दो बार ऑयल बेस्ड हेयर मास्क का इस्तेमाल करें और इसे लगाने के 10–15 मिनट के बाद अपने बालों को धोएं। फिर बालों को प्राकृतिक तरीके से सुखाएं। यह तरीका बालों को अधिक मजबूत बनाकर उन्हें टूटने से भी रोकेगा।

सिर को ढकना है फायदेमंदः सर्दियों में ठंड के नकारात्मक प्रभावों से बालों को बचाने के लिए यह भी एक अच्छा तरीका है। जिस तरह आप बाहर निकलते समय त्वचा पर तरह–तरह के प्रोडक्ट्स लगाते हैं, ठीक उसी तरह बालों को भी बाहर निकलने से पहले किसी चीज से ढकना ना भूलें। इसके लिए आप हेयर स्कार्फ से लेकर टोपी आदि की मदद ले सकते हैं। यह ना सिर्फ एक शील्ड की तरह काम करेंगे, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देंगे।